आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, मंगलवार 17 फरवरी 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 96

■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

मास्टर प्लान सड़क निर्माण में लापरवाही



पेज-2

राशिद टी-20 में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज



पेज-5

विजय नगर चौराहे पर लगा लंबा जाम



पेज-6

## न्यूज ब्रीफ

- राजस्थान : जयपुर से बाड़मेर तक एसीबी की रेड, जल जीवन मिशन स्कैम में एक्शन
- 'संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे', फ्रांसीसी राष्ट्रपति के भारत दौरे पर बोले पीएम मोदी
- जम्मू कश्मीर : श्रीनगर में नाजिर अहमद भट के ठिकानों पर एनआईए की रेड
- तेलंगाना निकाय चुनाव : नतीजों में कांग्रेस का दबदबा, 86 निकायों में जीते मेयर-अध्यक्ष
- पटना : नीट छात्रा की मौत के मामले में सीबीआई ने महिला दारोगा से 3 घंटे की पूछताछ
- बिहार : ग्रामीण विकास विभाग के बजट अनुदान प्रस्ताव पर होगी चर्चा
- अमेरिका : न्यू जर्सी में पकड़ा गया भारतीय युवक, बच्चों से रेप का आरोप
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज अप्रत्यक्ष रूप से ईरान के साथ परमाणु वार्ता में शामिल होंगे
- रोड आइलैंड के आइस रिंक में गोलीबारी, 2 की मौत, 3 घायल; संदिग्ध भी मारा गया
- तेल अवीव में अमेरिकी सीनेटर ग्राहम बोले- ईरान पर फैसला महीनों नहीं, हफ्तों में होगा
- भारत द्वारा जब्त तीन जहाजों का ईरान से कोई संबंध नहीं- ईरान की राष्ट्रीय तेल कंपनी का बयान

# मेट्रो का 11 किमी लंबा ट्रैक तैयार

## सीएमआरएस ऑडिट के बाद शुरू होगा संचालन; इसी सप्ताह आ सकती है टीम



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट में बड़ी प्रगति हुई है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के अनुसार सुपर कॉरिडोर से रेडिसन चौराहा तक करीब 11 किलोमीटर लंबा ट्रैक पूरी तरह तैयार हो चुका है। हालांकि, स्टेशनों के कुछ अंदरूनी कार्य अभी बाकी हैं, लेकिन दावा किया जा रहा है कि संचालन शुरू होने से पहले अधिकांश काम पूरा कर लिया जाएगा।

सीएमआरएस (कमीशनर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी) की टीम इस सप्ताह सिक्योरिटी ऑडिट के लिए इंदौर पहुंच सकती है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने उनके दौरे की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। टीम ट्रैक, थर्ड रेल (बिजली लाइन) और अन्य तकनीकी पहलुओं का निरीक्षण करेगी। जूनियर स्तर की टीम द्वारा बताए गए सुधारों को भी तुरंत पूरा किया जा रहा है।

अधिकारियों का कहना है कि सीएमआरएस टीम पहले अपने स्तर पर चेकिंग करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद मुख्य सीएमआरएस टीम मार्च के पहले सप्ताह में आकर फाइनल ऑडिट कर सकती है। सिक्योरिटी ऑडिट में एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) मिलते ही सुपर कॉरिडोर से रेडिसन स्टेशन तक 11 किमी हिस्से में मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा। दावा है कि एक साथ इतने लंबे ट्रैक पर मेट्रो का संचालन देश में पहली बार होगा। मार्च तक संचालन शुरू करने का प्रयास है, लेकिन सीएमआरएस टीम के दौरे में कोई देरी हुई तो यह अप्रैल तक खिसक सकता है। मेट्रो अधिकारी पूरी कोशिश कर रहे हैं कि समय पर सेवा शुरू हो सके, जिससे शहरवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिले। फिलहाल गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर स्टेशन-3 तक करीब 6 किमी में मेट्रो का संचालन चल रहा है। फिलहाल गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर स्टेशन-3 तक करीब 6 किमी में मेट्रो का संचालन चल रहा है।

### 24 घंटे चल रहा काम

फिलहाल गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर स्टेशन-3 तक करीब 6 किमी में मेट्रो का संचालन चल रहा है। मार्च तक कुल 17 किमी (6+11) में यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा शुरू करने का लक्ष्य है। स्टेशनों के अंदरूनी काम (रंगाई-पुताई और फिनिशिंग) युद्ध स्तर पर हो रहा है।

### कुल 11 स्टेशन इस सेक्शन में हैं

- सुपर कॉरिडोर 2
- सुपर कॉरिडोर 1
- भवरसाला स्क्वायर
- स्क्र10 रोड
- ISBT / MR 10 फ्लाईओवर
- चंद्रगुप्त स्क्वायर
- हीरा नगर
- बापट स्क्वायर
- मेघदूत गार्डन
- विजय नगर स्क्वायर
- रेडिसन स्क्वायर / मालवीय नगर

### मार्च-अप्रैल 2026 तक संभावित

सुपर कॉरिडोर से रेडिसन चौराहा तक 11 किमी ट्रैक तैयार है। इसमें अतिरिक्त स्टेशन शामिल हैं, कुल 11 स्टेशन इस सेक्शन में हैं। सीएमआरएस ऑडिट के बाद यह हिस्सा चालू होने पर कुल संचालित लंबाई करीब 17 किमी हो जाएगी।

# 17 जिलों में पीपीपी मॉडल पर पर्यटन विभाग बनाएगा 30 होटल-रिसॉर्ट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मप्र में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के साथ निवेश आकर्षित करने पर काम भी हो रहा है। इसके अगले चरण में पर्यटन विभाग मंदसौर, छिंदवाड़ा, धार, बैतूल और पन्ना जैसे छोटे जिलों में होटल - रिसॉर्ट बनाने पर काम करेगा। प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर होने वाले इन कामों में लगभग 450 करोड़ रुपए निवेश आने की संभावना है। मप्र में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब पर्यटन सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। इनमें मुख्य रूप से आधुनिक सुविधाओं वाले होटल रिसॉर्ट के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। हालांकि, विभाग अब नीतियों और ब्रांडिंग पर फोकस कर रहा है। निर्माण के लिए निजी क्षेत्र की मदद ली जाएगी। निजी निवेशकों से इन प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए टेंडर निकाल दिए गए हैं। डेढ़ से पांच साल के बीच ये होटल-रिसॉर्ट बना लिए जाएंगे। निजी निवेशकों को इन्हें 90 साल की लीज पर दिया जाएगा।

**जमीनों के लिए लगेगी बोली:** विभाग ने इन प्रोजेक्ट के लिए ग्रामीण इलाकों में 5 लाख हेक्टेयर और शहरी इलाकों में 10 लाख हेक्टेयर की शुरुआती मूल्य तय किए हैं। निजी निवेशक इनके लिए बोली लगाकर मूल्य बढ़ाएंगे। निर्माण के लिए 10 करोड़ तक लागत का 15 प्रतिशत तो 10 करोड़ से अधिक पर 30 प्रतिशत पूंजी सहायता विभाग देगा।

**मंदसौर-बैतूल में भी प्रोजेक्ट:** पर्यटन के लिए प्रसिद्ध छतरपुर, निवाड़ी, पन्ना, छिंदवाड़ा, धार के अलावा मंदसौर, बैतूल, अलीराजपुर और नीमच जैसी जगहों पर ये प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे। वेलनेस सेंटर, ईको-टूरिज्म गतिविधियां भी शामिल: जिन 30 प्रोजेक्ट के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है, उनमें होटल-रिसॉर्ट के साथ वाटर स्पोर्ट, वेलनेस सेंटर, ईको टूरिज्म गतिविधियां भी शामिल हैं। धार के चंदनखेड़ी में थीम पार्क भी बनेगा। मंदसौर के मलसरी टापू में टेंट सिटी बनेगी।

**मप्र में बढ़े पर्यटक:** साल 2019 में जहां मप्र में 8 करोड़ 90 लाख पर्यटक आए थे, वहीं, ये संख्या साल 2024 में बढ़कर 13 करोड़ 41 लाख तक पहुंच गई है। 2024 में उज्जैन में पर्यटकों की संख्या 7 करोड़, मैहर 1.33 करोड़, अमरकंटक में 40 लाख, ओंकारेश्वर में 24 लाख तक पहुंच गई।

### बीते साल बदली लीज नीति

पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं और बड़े निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग ने साल 2025 में अपनी लीज नीति में बदलाव किया था। अभी विभाग की 18 संपत्तियां लीज पर हैं, जिन्हें अब तक 30 साल की अवधि के लिए दिया जाता था। बदलाव के बाद निवेशक लंबी अवधि (60-90 साल) के संचालन अधिकार मांग रहे हैं, ताकि उनका निवेश सुरक्षित रहे। जिन 30 होटल-रिसोर्ट का निर्माण हो रहा है, उन्हें भी अनुबंध के आधार पर 60 या 90 साल की लीज पर दिया जाएगा।

# प्रदेशभर में टैलेंट हंट के जरिए तलाशे जाएंगे कांग्रेस प्रवक्ता

## पटवारी और सिंघार ने लॉन्च किया कार्यक्रम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**भोपाल** ● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, भोपाल में प्रवक्ताओं के चयन के लिए टैलेंट हंट प्रोग्राम की औपचारिक घोषणा की।

इस अवसर पटवारी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि बदलते राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी को ऐसे ऊर्जावान, वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध और शोधपरक सोच रखने वाले साथियों की आवश्यकता है, जो कांग्रेस की विचारधारा को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचा सकें। उन्होंने कहा, टैलेंट हंट कार्यक्रम जिला, संभाग, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभाशाली युवाओं को पार्टी का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करेगा। इसके लिए आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई जो 28 फरवरी तक अंतिम तिथि होगी। अंतिम निर्णय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (एआईसीसी) द्वारा लिया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि हमने विधानसभा में इंदौर के भागीरथपुरा में हुई घटना को लेकर स्थगन दिया है। कांग्रेस तीन मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग करती है।

# 15 जिलों में बारिश का अलर्ट,बादल छाएंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● नए सिस्टम की वजह से मध्य प्रदेश के 15 जिलों में बारिश का अलर्ट है। यहां गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है। इससे पहले मंगलवार को ग्वालियर-चंबल में बादल छाएंगे, जबकि 18-19 फरवरी को बारिश होगी।

जिन जिलों में आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट है, उनमें ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर शामिल हैं। सबसे ज्यादा असर 18 फरवरी को देखने को मिलेगा। 19 फरवरी को बूंदाबांदी के आसार जरूर हैं, पर तेज बारिश नहीं होगी।

**फरवरी में तीसरी बार बारिश**

बता दें कि फरवरी के शुरुआत में ही प्रदेश में दो बार ओले, बारिश और आंधी का दौर रह चुका है। इससे फसलों को खासा नुकसान हुआ था। इसके बाद सरकार ने प्रभावित फसलों का सर्वे भी कराया था। 18 फरवरी से तीसरी बार प्रदेश भीगेगा। इस दिन सिस्टम का असर ज्यादा रहेगा। इसके बाद सिस्टम कमजोर हो जाएगा।

# बजट सत्र से पहले बीजेपी में सुलह-सफाई और मतभेदों पर विराम! ऑल इज वेल के संदेश की कोशिश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्य प्रदेश में विधानसभा के बजट सत्र से ठीक पहले सत्ता और संगठन दोनों स्तर पर 'ऑल इज वेल' का संदेश देने की कोशिश तेज हो गई है। पिछले कुछ दिनों में कई मुद्दों ने सरकार को असहज किया। यूजीसी के समानता विनियम को लेकर बहस, ब्राह्मण बेटियों पर की गई कथित असभ्य टिप्पणी को लेकर आईएएस संतोष वर्मा पर कार्रवाई की मांग और इंदौर के दूषित जल कांड जैसे मामलों ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया था। ऐसे में अब भाजपा डैमेज कंट्रोल मोड में नजर आ रही है।

**इंदौर के दूषित जल कांड ने बढ़ाई थी बेचैनी**-इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पेयजल से हुई मौतों के बाद सरकार पर सवाल खड़े हुए थे। सड़क से लेकर संगठन तक इस



मामले को लेकर असहजता दिखी। विपक्ष ने भी इसे बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश की। इसी के बाद सरकार ने हालात संभालने के लिए अंदरूनी संवाद तेज किया और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्ती के संकेत दिए।

**विजयवर्गीय-सीएम मुलाकात के सियासी मायने**-नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हाल ही में हुई मुलाकात को सियासी सुलह का संकेत माना जा रहा है। पिछले करीब एक महीने से विजयवर्गीय सरकारी कामकाज से कुछ दूरी बनाए हुए थे और उनकी नाराजगी की चर्चाएं भी थीं। खासकर इंदौर की घटना के बाद उनके और सरकार के बीच मतभेद की बातें सामने आ रही थीं।

हालांकि मुलाकात के बाद विजयवर्गीय ने साफ कहा कि कोई गिला-शिकवा नहीं है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सोमवार से शुरू हो रहे बजट सत्र और आने वाले राज्यसभा चुनाव को देखते हुए संसदीय कार्य मंत्री की भूमिका बेहद अहम हो जाती है। ऐसे में समय रहते तालमेल बैठाना जरूरी था।

**फैसला** अगले सत्र से लिया जाएगा बढ़ा शुल्क, सरकारी और निजी स्कूलों की अलग-अलग फीस तय

# मंडल ने बढ़ाया संबद्धता और परीक्षा शुल्क, स्कूलों में हड़कंप

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● आगामी शैक्षणिक सत्र से हाई और हायर सेकंडरी की परीक्षा व संबद्धता शुल्क में माशिमं ने बढ़ोतरी कर दी है। अब नियमित विद्यार्थियों को 1500 और स्वाध्यायी को 1600 रुपए जमा करवाना होंगे। माशिमं ने नामांकन शुल्क भी बढ़ाकर 500 रुपए करने का फैसला किया है। माशिमं ने पत्र जारी करते हुए अगले सत्र 2026-27 से बढ़ी हुई फीस जमा करने के आदेश दिए हैं। मंडल के आदेश देख निजी स्कूलों के साथ सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों में हड़कंप की स्थिति बन गई है। हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की संबद्धता लेने के लिए



सरकारी और निजी स्कूलों की फीस अलग-अलग तय की गई है। डीएलएड की परीक्षा शुल्क भी बढ़ा दी गई है। नियमित विद्यार्थी को सारे विषयों के लिए सात हजार रुपए देना होंगे, जबकि दूसरे अवसर के लिए दो विषय तक तीन हजार, चार तक के पांच और चार से अधिक विषय के लिए सात हजार रुपए शुल्क होगा। वहीं डीएलएड के लिए पहली बार संबद्धता लेने का शुल्क दो लाख रुपए तय किया है। इसके अलावा प्रत्येक 50 विद्यार्थी के नवीन इंटेक पर भी दो लाख रुपए फीस देनी होगी।

**ऐसी बढ़ी निजी ओर सरकारी स्कूलों का शुल्क-** हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की संबद्धता लेने के लिए सरकारी और निजी स्कूलों की फीस अलग-अलग तय की गई है। 10वीं की नई संबद्धता सरकारी स्कूलों के लिए 20 हजार, निजी के लिए 22 हजार रुपए रहेगी। निजी स्कूलों के लिए शुल्क दो हजार रुपए बढ़ाया गया है। 12वीं की नवीन संबद्धता के लिए सरकारी को 27 और निजी स्कूलों को 30 हजार रुपए देना होंगे।

### नामांकन में 500 रुपये तक की बढ़ोतरी

माशिमं ने परीक्षा से लेकर डुप्लीकेट अंकसूची तक की फीस में भारी बढ़ोतरी की है। माशिमं द्वारा नवमीं का नामांकन शुल्क, स्कूलों की संबद्धता, डुप्लीकेट अंकसूची समेत तमाम मदों में छात्रों से शुल्क वसूला जाता है। माशिमं ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में एक बार फिर सभी शुल्क में बढ़ोत्तरी की है। माशिमं ने नामांकन शुल्क भी 350 से बढ़ाकर 500 रुपए कर दिया है। दस वर्ष पुरानी अंकसूची की प्रतिलिपि लेने का शुल्क 600 से बढ़ाकर एक हजार रुपए किया गया है।

# सूर्य ग्रहण आज : भारत में नहीं दिखेगा रिंग ऑफ फायर

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● साल 2026 का पहला सूर्य ग्रहण मंगलवार, 17 फरवरी को लगेगा। यह एक विशेष प्रकार का चक्राकार सूर्य ग्रहण होगा, जिसे आम भाषा में रिंग ऑफ फायर कहा जाता है। भारतीय समयानुसार यह ग्रहण दोपहर 12:31 बजे शुरू होगा और लगभग 2 मिनट 20 सेकंड तक चलेगा। हालांकि यह दुर्लभ खगोलीय घटना दक्षिणी गोलार्ध में दिखाई देगी, भारत में इसके दर्शन संभव नहीं होंगे क्योंकि उस समय सूर्य भारतीय क्षितिज के नीचे रहेगा।



यह ग्रहण तब होता है जब सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी एक सीधी रेखा में आ जाते हैं और चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के बीच से गुजरता है। नासा के अनुसार, इस समय चंद्रमा पृथ्वी से अपेक्षाकृत अधिक दूर होता है। इसी वजह से वह सूर्य को पूरी तरह ढक नहीं पाता। परिणामस्वरूप चंद्रमा एक छोटे काले डिस्क की तरह दिखाई देता है और उसके चारों ओर सूर्य का चमकदार घेरा बन जाता है। यही चमकता हुआ छल्ला रिंग ऑफ फायर कहलाता है। इस दौरान चंद्रमा सूर्य के केंद्र का लगभग 96 प्रतिशत हिस्सा ढक देगा, लेकिन किनारों पर सूर्य की तेज रोशनी बनी रहेगी।

न्यूज ब्रीफ

## झिरोलिया में श्री अम्बा धाम का भव्य दिव्य दरबार लगा रात्रि 8बजे से




**दैनिक इंदौर संकेत**

**सांवेर** ● चंद्रावती गंज से 3 किलो मीटर दूर गांव झिरोलिया गांव में सात दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा प्रारंभ हुई।कथा के पहले बैंड बाजे के साथ गांव में कलश यात्रा निकाली गई। जो कथा पंडाल में पहुंची जहां पर श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजक विक्रम सिंह सिसोदिया ने बताया कि ग्राम झिरोलिया में पहली बार देवी भागवत महापुराण कथा राष्ट्रीय कथावाचक अम्बाजी वरदपुत्र के द्वारा की जा रही है देवी भागवत कथा प्रारंभ हुई जो 17 फरवरी तक चलेगी जिसका समय दोपहर 12 बजे से 3 तक होगी और भव्य दिव्य दरबार 16 फरवरी को रात्रि 8 बजे लगेगा और 17 फरवरी को कथा का समापन के बाद महाआरती महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। कथा सुनने के लिए आसपास से हजारों की संख्या के भक्त पहुंच रहे हैं।

## इन्द्रेश्वर महादेव मन्दिर में शिवरात्रि पर्व मनाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● महाशिव रात्रि पर्व पर अस्पताल के पास खेत में बना वर्षों पुराना मंदिर इन्द्रेश्वर महादेव संकट मोचन हनुमान मंदिर में आज महा शिवरात्रि पर्व पर मन्दिर पर वर्मा परिवार द्वारा जो निर्मित है वर्षों चंपालाल वर्मा व परिवार द्वारा वर्षो से कार्यक्रम करते आ रहे हैं । आज महाशिव रात्रि के पावन पर्व पर हवन पाठ पूजन आचार्य द्वारा रुद्र पाठ पूजन हवन आरती किया गया । शिवरात्रि महापर्व पर विशेष रुद्र पाठ से आम लोगों को .खास तौर पर फलदायी होता है । जिसके घर में लगातार बीमारी नशे की लत घरेलू लड़ाई झगड़े और ग्रह कलह शादी से जुड़ी परेशानियां ऐसे सभी को इस महाशिव रात्रि के पावन पर पर्व का लाभ होता है । जिसमें भगवान की कृपा से जीवन की अनेक परेशानियां 'दूर हो जाती हैं । हवन पूजा पाठ एवं आरती का आयोजन चम्पालाल वर्मा परिवार एवं भक्त गणों द्वारा भगवान महादेव का पूजन-अर्चन किया गया । इस अवसर पर विशेष रूप से पियुष वर्मा हीरालालवर्मा पत्रकार कन्हैयालाल मरमट लाखन सिंह तोमर गेंदालाल वर्मा विक्रम राजपूत सिंह राजू भारतीय शिवप्रसाद बबलू जादौन जितेन्द्र देशमुख मनोज मालवीय सहित काफी संख्या में भक्त गण उपस्थित थे। पूजन के पश्चात फरियाली खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में भक्त गण भगवान शिव के दर्शनों का लाभ लिया ।

मास्टर प्लान सड़क निर्माण में लापरवाही-धीमे काम पर आयुक्त सख्त

# पैकेज-1 की एजेंसी को टर्मिनेशन नोटिस के निर्देश दिए आयुक्त ने

- मास्टर प्लान सडकों के चार पैकेजों की समीक्षा
- गुणवत्ता और समय-सीमा पर कोई समझौता नहीं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत मास्टर प्लान की सड़कों के निर्माण कार्यों में लापरवाही और धीमी प्रगति पर आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सख्त रुख अपनाया है। चार पैकेजों में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में पैकेज-1 की कार्यरत एजेंसी का काम असंतोषजनक पाए जाने पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी जताते हुए ठेकेदार और कंसल्टेंट को टर्मिनेशन नोटिस देने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त ने प्रत्येक पैकेज की प्रगति, गुणवत्ता, संसाधनों की उपलब्धता और समय-सीमा की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि तय समय में गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण नहीं करने वाली एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी, नाराजगी व्यक्त कर लगाई फटकार:** आयुक्त द्वारा पैकेज-1 की समीक्षा के दौरान कार्यरत निर्माण एजेंसी विक्टोरी वन, नई दिल्ली द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति अत्यंत धीमी गति होने पर एवं स्थिति असंतोषजनक पाई गई। बार-बार निर्देशों के बावजूद कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर आयुक्त ने संबंधित ठेकेदार के प्रतिनिधि पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार लगाई ओर अपर आयुक्त अभय राजनगवंकर को एजेंसी को टर्मिनेट करने के नोटिस देने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को वैधानिक प्रक्रिया के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ करने को कहा गया, ताकि कार्य में अनावश्यक विलंब न हो।

### सुपरविजन में लापरवाही पर नोटिस के निर्देश

आयुक्त द्वारा पैकेज-2 की समीक्षा करते हुए, पैकेज 2 के अंतर्गत कार्य कर रही निर्माण एजेंसी एस के एस इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड, आगरा को कार्य की गति बढ़ाने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त श्री सिंघल ने स्पष्ट निर्देश दिए की कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं पैकेज-3 में निर्माण एजेंसी को गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए, वहीं सुपरविजन में लापरवाही बरतने पर कंसल्टेंट को भी टर्मिनेशन नोटिस देने के आदेश दिए गए। आयुक्त ने कहा कि कमजोर सुपरविजन सीधे तौर पर घटिया निर्माण का कारण बनता है। इसी तरह पैकेज 4 की समीक्षा में एजेंसी को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने और अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग एवं साइट निरीक्षण के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शहरवासियों को मजबूत और टिकाऊ सड़कें उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कंसल्टेंट कंपनी को भी टर्मिनेशन का नोटिस का निर्देश**-इसके पश्चात आयुक्त द्वारा पैकेज-3 की समीक्षा के दौरान पैकेज-3 में कार्यरत निर्माण एजेंसी हाई-वे इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही कार्य के सुपरविजन हेतु नियुक्त कंसल्टेंट ग्लोबल इन्फ्रा सालुशन, भोपाल द्वारा कंसल्टेंसी कार्य में लापरवाही बरतने पर उन्हें टर्मिनेट करने हेतु नोटिश देने के हेतु निर्देशित किया गया। आयुक्त ने कहा कि गुणवतापूर्ण सुपरविजन कार्य की सफलता की आधारशिला है, अत: इसमें किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। इसी प्रकार पैकेज 4 की समीक्षा के दौरान पैकेज 4 के अंतर्गत कार्यरत निर्माण एजेंसी पीडी अग्रवाल इंफास्ट्रक्कर लिमिटेड को कार्य की गति बढ़ाते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग एवं साइट निरीक्षण करने के लिए कहा गया।

आज कक्षा 10वीं का अंग्रेजी का पेपर

## संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर सब से ज्यादा बरती जाएगी सख्ती

### कलेक्टर प्रतिनिधि की मौजूदगी में एक चार का गार्ड तैनात

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी है। इस बार नकल प्रकरण रोकने के लिए जहां मंडल ने सीसीटीवी कैमरे लगाए है तो चेकिंग से लेकर कक्षा में भी ज्यादा सख्ती देखी जा रही है। इंदौर में अब तक 1 नकल प्रकरण बना है, उसके बाद अनुदान प्राप्त व संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर और ज्यादा सख्ती बरती जा रही है। मंगलवार को कक्षा 10वीं का अंग्रेजी का प्रश्न पत्र है वहीं कक्षा 12वीं का ड्राइंग और डिजाइन का पेपर रहेगा। संवेदनशील परीक्षा केंद्रों को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड, जिला शिक्षा विभाग, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण और जिला प्रशासन ने भी विशेष रणनीति बना रखी है और शुरू से ही इतनी सख्ती कर रखी है कि खास तौर पर नकलची विद्यार्थियों के लिए तो शुरुआत से ही कोई गुंजाइश नहीं बन रही है।

संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर तो इस कदर सख्ती है कि वहां बाहरी को प्रवेश ही नहीं मिल रहा है। बोर्डिंग टाइम से लगाकर परीक्षा संपन्न होने तक बाहरी व्यक्ति का प्रवेश पूर्ण तैयार निषेध है। वैसे भी परीक्षा में बाहरी व्यक्ति का प्रवेश निषेध ही रहता है लेकिन परीक्षार्थी ताक झांक नहीं कर पा रहे हैं।

**जिले में 15 संवेदनशील केंद्र**-माध्यमिक शिक्षा मंडल सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इंदौर जिले में कुल 15 संवेदनशील परीक्षा केंद्र घोषित हुए हैं। इसमें शासकीय उमावि देपालपुर, शासकीय उर्दू कन्या उमावि बक्शी बाग, शासकीय रजत जयंती उमावि जूनी इंदौर, शासकीय उमावि बिजलपुर, शासकीय उमावि कनाड़िया, शासकीय कन्या उमावि महू, शासकीय उमावि गांधीनगर, शासकीय कन्या उमावि बिजलपुर, शासकीय कन्या हाई स्कूल किला मैदान, शासकीय हाई स्कूल जवाहर टेकरी, शासकीय हाई स्कूल बिचोली हप्सी, शासकीय मॉडल उमावि गोम्मटगीरी, शासकीय उर्दू माध्यमिक विद्यालय ताज नगर खजराना, शासकीय माध्यमिक विद्यालय स्कीम नंबर 51 और शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय सांवेर। इस प्रकार जिले में 15 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की सूची में रखा गया है और यहां पुलिस द्वारा एक चार का गार्ड तो लगाया ही गया है। इसके अलावा कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में भी अंटर परीक्षा केंट में एतिनिधि मौजट है।

## मस्जिदों पर लगे ऊँचे लाउडस्पीकर हटाने की मांग

### महापौर ने कलेक्टर से की चर्चा, परीक्षा काल में ध्वनि प्रदूषण को लेकर लगातार बढ़ रही हैं शिकायतें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कलेक्टर द्वारा बड़े डीजे और लाउडस्पीकर पर लगाई गई रोक के बाद अब मस्जिदों की ऊँची मीनारों पर लगे लाउडस्पीकरों को लेकर भी कार्रवाई की मांग उठी है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा करते हुए कहा कि शहर के कई वार्डों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिनमें बताया गया है कि अत्यधिक ऊँचाई पर लगे स्पीकरों से आसपास के क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है।

**परीक्षा काल में बढ़ रही परेशानी, छात्रों पर असर**- महापौर ने बताया कि पूरे वर्ष शहर में प्रतियोगी परीक्षाएँ और स्कूल परीक्षाएँ चलती रहती हैं। ऐसे में ध्वनि प्रदूषण के कारण



छात्रों की तैयारी प्रभावित होती हैबुजुर्गों और बीमार लोगों को भी परेशानी होती है उन्होंने कहा कि यदि डीजे और अन्य ध्वनि उपकरणों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है, तो धार्मिक स्थलों पर लगे ऊँचे लाउडस्पीकरों के संदर्भ में भी उसी तर्ज पर कार्रवाई होनी चाहिए।

कई वार्डों से शिकायतें-महापौर ने बताया कि उन्हें वार्ड 72 (लोकमान्य नगर), वार्ड 41 और वार्ड 48 के निवासियों से ध्वनि प्रदूषण को लेकर अधिक शिकायतें मिली हैं। लोगों का कहना है कि मीनारों पर लगे ऊँचे लाउडस्पीकरों की आवाज पूरे क्षेत्र में फैलती है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित होता है।

**राज्य सरकार ने पहले भी दिए थे निर्देश**- महापौर ने याद दिलाया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर राज्य स्तर पर इस विषय में पहले भी निर्देश जारी हो चुके हैं और कार्रवाई भी की गई थी। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे लाउडस्पीकर दोबारा लगाए गए हैं, तो प्रशासन को एक बार फिर विस्तृत जांच करनी चाहिए।

**महापौर ने कहा**-जैसे बड़े डीजे और लाउडस्पीकर पर नियंत्रण के लिए कार्रवाई की जा रही है, वैसे ही ऊँची मीनारों पर लगे लाउडस्पीकरों पर भी नियमों के अनुरूप कदम उठाए जाएँ। मैंने मुद्दे पर कलेक्टर को अवगत कराया है।

# एमवाय अस्पताल के तीन गेट बंद होने से मरीजों को लगाना पड़ रहा लंबा चक्कर

### जनहित याचिका पर हाईकोर्ट सख्त, नगर निगम से मांगा जवाब

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● एमवाय अस्पताल के चार में से तीन गेट लंबे समय से बंद होने से मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आपात स्थिति में आने वाले मरीजों को भी अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे समय और सुविधा दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता महेश गर्ग ने संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर दी। इस पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की डबल बेंच में सुनवाई



हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रतीक महेश्वरी ने अदालत को बताया कि गेट बंद रहने से आम नागरिकों को गंभीर असुविधा हो रही है। विशेष रूप से बुजुर्ग और गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचने में कठिनाई झेलनी पड़ रही है। गर्ग ने बताया कि गेट बंद होने के कारण ऑटो और एम्बुलेंस चालक भी अंदर जाने में आनाकानी करते हैं या अधिक किराया मांगते हैं। वहीं, पैदल आने वाले गरीब मरीजों के लिए लंबी दूरी तय करना किसी सजा से कम नहीं है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने इंदौर नगर निगम से स्पष्ट रूप से पूछा कि जब अस्पताल सार्वजनिक उपयोग का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है तो उसके तीन गेट बंद रखने का कारण क्या है। कोर्ट ने राज्य सरकार को भी इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं।

## एमवायएच के सामने स्ट्रेचर वीडियो की जांच, सीसीटीवी खंगाले गए

### दो महिलाएं स्ट्रेचर पर ले जाती दिख रही

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सोशय मीडिय पर एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें एमवायएच के सामने सड़क पर मरीज को स्ट्रेचर पर ले जाती दो महिलाएं दिख रही हैं। इससे अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया और मामले की जांच शुरू कर दी। पर ले जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज की जांच में वीडियो में दिख रहा स्ट्रेचर एमवाय अस्पताल का प्रतीत नहीं होता, वहीं संबंधित मरीज के अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में आने का भी कोई रिकॉर्ड नहीं मिला है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि एमवाय अस्पताल में मरीजों के परिवहन के लिए 108 एम्बुलेंस की सेंट्रलाइज्ड व्यवस्था उपलब्ध है। साथ ही सुरक्षा गार्ड, स्ट्रेचर बॉय और अन्य कर्मचारियों से जुड़े रिकॉर्ड व वीडियो फुटेज की विस्तृत जांच जारी है। अस्पताल प्रशासन ने दोहराया कि किसी भी मरीज को स्ट्रेचर पर अस्पताल परिसर से बाहर ले जाने के स्पष्ट निर्देश नहीं हैं और तथ्यों के आधार पर ही अंतिम निष्कर्ष निकाला जाएगा।

## ग्रीष्मकाल में निर्बाध आपूर्ति के लिए सघनतम प्रयास करें



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने सोमवार की शाम इंदौर शहर के बिजली अधिकारियों की मिटिंग ली। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि ग्रीष्मकाल में शहर में बिजली की मांग 800 मैगावाट तक बढ़ सकती हैं, ऐसे में सभी संभव प्रयास किए जाए। ज्यादा क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर में रिले सिस्टम को अत्याधुनिक स्वरूप दिया जाए। ग्रिडों के मैंटेनेंस, उच्चदाब लाइनों के मैंटनेंस समय से करा लिया जाए। सिंह ने मुख्य अभियंता आरसी जैन, अधीक्षण अभियंता डीके गाठे को दैनिक मैदानी दौरे कर मैंटेनेंस गतिविधियों के निरीक्षण के निर्देश दिए। आरडीएसएस एवं एसएसटीडी के शेष कार्य समय के अनुसार पूर्ण करने को कहा गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता एसएस करवाड़िया, श्रीमती सुषमा गंगराड़े, निर्मल शर्मा, संजय मालवीय, कार्यपालन यंत्रीगण सर्वश्री डीके तिवारी, शैलेंद्र सिंह, अमित पटेल, विनय प्रताप सिंह, राकेश जौहर, अभिषेक रंजन आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

इंदौर के फिर नंबर-1 की दौड़ में तेज़ कदम, अभिमुखीकरण कार्यशाला

## पार्षदों का स्वच्छता अभ्यास वर्ग शुरू, हर वार्ड में चलेगा 'क्लीन मिशन' मिलेगी रैंक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर एक बार फिर स्वच्छता के शिखर पर पहुंचने की तैयारी में जुट गया है। इसी कड़ी में सोमवार को केसरबाग स्थित आरआरआर सेंटर पर स्वच्छता अभ्यास वर्ग एवं स्वच्छ वार्ड रैंकिंग अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पार्षदों को नई स्वच्छता रणनीति से जोड़ते हुए हर वार्ड में 'क्लीन मिशन' को प्रभावी ढंग से लागू करना है। कार्यक्र म में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, आयुक्त क्षितिज सिंघल, स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल सहित महापौर परिषद सदस्य और बड़ी संख्या में पार्षद उपस्थित रहे।

**400 अंकों पर होगी हर वार्ड की रोजाना परीक्षा**-कार्यशाला में 400 अंकों की स्वच्छ वार्ड रैंकिंग टूलकिट का विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया गया। इसके तहत अब हर वार्ड का प्रतिदिन मूल्यांकन किया जाएगा।





रैंकिंग में कचरा प्रबंधन, स्रोत पर पृथक्करण, जनसहभागिता, सफाई व्यवस्था, आरआरआर गतिविधियां और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता जैसे प्रमुख मानक शामिल होंगे। निगम का मानना है कि इससे वार्डों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और नागरिक सहभागिता भी मजबूत होगी। कार्यक्रम में सूरत, नवी मुंबई और विशाखापत्तनम के अध्ययन दौरों के अनुभव भी साझा किए गए। इन शहरों में लागू वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट, उन्नत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, क्लीन स्ट्रीट सिस्टम और मशीनरी आधारित सफाई जैसे मॉडलों को इंदौर में अपनाने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

**स्वच्छ वार्ड रैंकिंग 2025-26-हर दिन अपडेट**-कार्यक्रम के दौरान आर (रिड्यूस-रियूज-रिसाइकल) सेंटर का लोकार्पण किया गया। साथ ही डिजिटल 'आरआरआर टैलेंट' प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया, जिसके माध्यम से स्वच्छता से जुड़े नवाचारों, युवाओं की प्रतिभा, क्लीन-ग्रीन प्रोजेक्ट्स और डिजिटल सहभागिता को प्रोत्साहन मिलेगा। नई व्यवस्था के तहत हर वार्ड को रोजाना डिजिटल पोर्टल पर सफाई रिपोर्ट अपलोड करनी होगी। निरीक्षण टीम नियमित रूप से विजिट करेगी और नागरिकों से फीडबैक लिया जाएगा। वर्ष के अंत में टॉप यार्ड को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। रैंकिंग का मुख्य उद्देश्य पूरे इंदौर को समान रूप से स्वच्छ बनाना है।

**जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर जोर**-महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर को फिर नंबर-1 बनाने की ठोस तैयारी शुरू हो चुकी है। पार्षदों ने बीते साढ़े तीन वर्षों में कई उपलब्धियां हासिल की हैं और आगे भी योजनाएं पाइपलाइन में हैं। यदि सभी स्वच्छता के मानकों पर उसी प्रतिबद्धता से काम करें तो इंदौर को कोई पीछे नहीं कर सकता। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि स्वच्छताअभियान में पार्षदों की भूमिका सबसे अहम है। इंदौर नंबर-1 था, है और निरंतर मेहनत से आगे भी रहेगा। आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा कि शहर का सम्मान हम सबकी पहचान है। अधिकारी, पार्षद और नागरिक मिलकर टीम भावना से काम करेंगे तभी स्वच्छ सर्वेक्षण और वित्तीय प्रबंधन दोनों में इंदौर अपनी श्रेष्ठता बनाए रखेगा।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, मंगलवार 17 फरवरी 2026

# आशीर्वाद विला में शिवरात्रि का भव्य आयोजन, पार्थिव शिवलिंग निर्माण और दीपों से सजी श्रद्धा

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • निपानिया क्षेत्र स्थित आशीर्वाद विला परिसर में महाशिवरात्रि का पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और सामूहिक उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त रहा और समाज के सभी परिवारों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर रहवासियों द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया गया। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रद्धा के साथ भगवान शिव की आराधना की। सामूहिक रूप से तैयार किए गए पार्थिव शिवलिंगों का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया, जिससे पूरा परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा।

शिव मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया। रंग-बिरंगी रंगोली, दीपों की आकर्षक सजावट और रोशनी से सुसज्जित मंदिर ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। दीपों की ज्योति से आलोकित वातावरण ने भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। मंदिर परिसर में महादेव की विशेष आरती और शिव स्तुति का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।आयोजन की विशेषता यह रही कि समाज के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर इसे सामूहिक पर्व के रूप में मनाया। महिलाओं ने सजावट और पूजन की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाई, वहीं युवाओं ने व्यवस्थाओं को संभालते हुए आयोजन को व्यवस्थित और अनुशासित रूप दिया।मंदिर समिति ने सभी रहवासियों, सहयोगकर्ताओं और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, सौहार्द और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। समिति ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर आशीर्वाद विला में भक्ति, एकता और उत्सव का सुंदर संगम देखने को मिला, जिसने पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया।





## न्यूज ब्रीफ

### मराठी सोशल ग्रुप ने विद्यालय में 150 लीटर का वाटर कूलर किया लोकार्पित

**इंदौर** • मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट ने अपने वार्षिक आयोजन 'जत्रा' से प्राप्त आय को जनसेवा में समर्पित करते हुए शासकीय मल्हाराश्रम विद्यालय की छात्र मेस में 150 लीटर क्षमता का वाटर कूलर स्थापित कराया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए लगाया गया यह वाटर कूलर अब विद्यार्थियों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराएगा। संस्था के सुधीर दांडेकर एवं राजेश शाह ने बताया कि 'जत्रा' से होने वाली आय का उपयोग पूर्णत: समाजसेवा और जनकल्याण के कार्यों में किया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल सांस्कृतिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मूलभूत संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी है।

### महंत घनश्याम दास महाराज की समाधि पर भक्तों ने समर्पित की पुष्पांजलि

**इंदौर** • धार रोड स्थित प्राचीन आस्था केंद्र धरावरा धाम के संस्थापक साकेतवासी महंत घनश्याम दास महाराज की 17 वीं पुण्यतिथि के प्रसंग पर धरावरा धाम स्थित उनकी समाधि पर सैकड़ों स्नेहीजनों और भक्तों ने कतारबद्ध होकर पुष्पांजलि समर्पित की। शिवरात्रि के दिन ही वर्ष 2009 में हरि धाम आश्रम से निकली भगवान शिव पार्वती की शोभा यात्रा के समापन के दौरान अचानक हृदयाघात से महंत घनश्याम दास महाराज शिवलीन हो गए थे। उनकी पुण्यतिथि पर धरावरा धाम स्थित हनुमान मंदिर के सामने निर्मित उनकी समाधि पर पुष्पांजलि समर्पित करने के लिए रविवार को स्नेहीजनों का ताँता लगा रहा।

### दिगंबर जैन सोशल ग्रुप का शपथ समारोह, सेवा-संस्कार का लिया संकल्प

**इंदौर** • दिगंबर जैन सोशल ग्रुप, इंदौर नगर द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रेरणा से 'अहिल्या थीम' पर आधारित शपथ विधि समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सेवा, संस्कार और संगठन की भावना का प्रभावी संदेश दिया गया। पूरे आयोजन में परंपरा और आधुनिक नेतृत्व का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

## अखिल हिंदू महासभा द्वारा शिवरात्रि के शुभ अवसर पर ठंडाई का किया वितरण



**इंदौर** ● महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर अखिल हिंदू महासभा के मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष मोहिता नंद महाराज और इंदौर जिला उपाध्यक्ष पर्ण उपाध्याय पार्षद सानू शर्मा वैभव उपाध्याय की ओर से ठंडाई और शुभकामनाओं का कार्यक्रम किया गया ।इस अवसर पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई और लोगों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी गईं

## खाटू श्याम भक्तों का फाग महोत्सव 22 को, कोलकाता के भजन गायक आएंगे

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • शहर के खाटू श्याम भक्तों द्वारा वृहद फाग महोत्सव की तैयारियां जारी हैं। श्री श्याम मंडल द्वारा एमआर 10 रोड स्थित दिव्य शक्ति पीठ पर 22 फरवरी को श्री श्याम फाग महोत्सव का दिव्य आयोजन होगा जिसमें कोलकाता के प्रख्यात भजन गायक जयशंकर चौधरी बनवारी और उनकी टीम के साथी अपने भजनों की गंगा बहाएँगे। आयोजन में शहर के सभी प्रमुख श्याम भक्त मंडल भागीदार बनेंगे। गिरधर महल के संचालक प्रद्युम्न सिंघल प्रमुख यजमान मनोनीत किए गए हैं। इस मौके पर श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाकर पावन ज्योत, 56 भोग, इत्र वर्षा, फूलों के श्रृंगार के साथ ही ढप चंग का धमाल भी होगा। संगठन के प्रमुख बाबूलाल अग्रवाल, नरसिंह लाल भौमिया एवं पुष्कर शर्मा ने बताया कि कोलकाता के प्रख्यात भजन गायक जयशंकर चौधरी बनवारी और उनकी टीम के साथी रविवार 22 फरवरी को शाम 6.15 बजे से इस फाग महोत्सव में अपने रंगबिरंगे फाग भजनों की फुहारें बिखेरकर शहरभर के श्याम भक्तों को अपने रंग में रंगेंगे। श्री श्याम मंडल की स्थापना 10 वर्ष पूर्व तब हुई थी जब शहर में खाटू श्याम भजन मंडलों की संख्या अँगुलियों पर गिनी जा सकती थी।

## अग्रवाल महासभा के निशुल्क परिचय सम्मेलन का पहला न्योता खजराना गणेश

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • श्री अग्रवाल महासभा की मेजबानी में ब्रह्मलीन समाजसेवी मिश्रीलाल गोयल की पुण्य स्मृति में 28 से 30 मार्च तक गांधी हॉल परिसर में होने वाले तीन दिवसीय नि:शुल्क अ.भा. युवक-युवती परिचय सम्मेलन का पहला न्योता सोमवार को खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को समर्पित किया गया। महासभा के समन्वयक संतोष गोयल, अध्यक्ष डॉ. सतीश गोयल एवं महामंत्री अजय बंसल ने बताया कि इस अवसर पर अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गोविन्द सिंघल के मार्गदर्शन में मातृशक्ति की ओर से श्रीमती उर्मिला गोयल, पुष्पा गुप्ता, पिंकी अग्रवाल तथा आयोजन से जुड़े नवीन गोयल, महेश चायवाले, रमेश तायल, श्याम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल (जावरा) भी उपस्थित थे जिन्होंने खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी की आरती में शामिल होकर सम्मेलन की सफलता की प्रार्थना की। समन्वयक संतोष गोयल के अनुसार सम्मेलन के लिए देश के हिंदी भाषी राज्यों के 100 से अधिक शहरों में प्रविष्ठि पत्र पहुँचाने की व्यवस्था सुनिश्चित हो गई है।

## भगीरथपुरा पर हुए अंधे कत्ल का पुलिस ने महज तीन दिन में किया पर्दाफाश



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • बाणगंगा थाना क्षेत्र के एमआर-4 रोड, भगीरथपुरा पर हुए अंधे कत्ल का पुलिस ने महज तीन दिन में पर्दाफाश कर दिया। 11 फरवरी 2026 को 45 वर्षीय खजुरालाल उर्फ लखनलाल नांगे की निर्मम हत्या कर दी गई थी। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से किए गए 18 से अधिक वार पाए गए थे, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में एडिशनल डीसीपी जोन-3 के नेतृत्व में विशेष जांच दल गठित किया गया। टीम ने घटना स्थल और आसपास के 150 से अधिक ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों की फुटेज खंगाली, दुकानदारों और स्थानीय रहवासियों से पूछताछ की और तकनीकी साक्ष्यों का बारीकी से विश्लेषण किया। जांच में सामने आया कि मृतक पॉलोग्राउंड स्थित युवक क्लब में काम करता था और रात में घर लौट रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने रास्ता रोककर उसे डराया-धमकाया और लूट का प्रयास किया। जब मृतक ने विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिए। वारदात के बाद आरोपी मृतक का मोबाइल छीनकर फरार हो गए। बाद में मोबाइल से सिम निकालकर तोड़ दिया गया।

15 फरवरी की रात मुखबिर सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों ने भागने की कोशिश की और रेलवे पटरी के पास घायल हो गए। पूछताछ में दोनों ने हत्या और लूट की वारदात कबूल कर ली।

## देपालपुर के शिक्षक साथियो से सहयोग के लिए ब्लॉक प्रभारी संतोष ठाकुर ने किया अधिक सहयोग का आह्वान

दैनिक इंदौर संकेत

**देपालपुर** • प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ की कर्मचारी कल्याण कोष योजना दिवंगत शिक्षकों के स्वजनों के जीवन में रोशनी लेकर आई है। शिक्षकों के सहयोग से दिवंगत शिक्षक के स्वजनों को आर्थिक संबल देने वाली देश और प्रदेश में यह अब तक की सबसे अनूठी और सबसे बड़ी बेमिसाल मानवीय पहल बनकर उभरी है।यह सब कुछ हुआ है पीएमयूएमएस कर्मचारी कल्याण कोष की नींव रखने वाले संस्थापक सदस्य सतीश कुमार खरे, सह संस्थापक बृजेश कुमार असाटी और प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया के नेतृत्व में। जिन्होंने मदद की इस पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन तरीके से सीधे प्रभावितों के हक में पहुंचाने की योजना बनाते हुए प्रदेश के हजारों शिक्षकों को जोड़ा है। इसमें प्रदेश के 94 हजार से अधिक शिक्षक अब तक जुड़ चुके हैं। जिनकी पूरी प्रक्रिया वेबसाइट पर,प्रोफाइल बनाकर की गई है। ऐसे में यह योजना कहती हैं कि अब शिक्षक का परिवार किसी के सामने हाथ नहीं फैलाएगा, बल्कि अपने ही साथियों के सहयोग से आत्मनिर्भर बनेगा पीएमयूएमएस कर्मचारी कल्याण कोष के जिला प्रभारी हिमांशु ठाकुर, देपालपुर ब्लॉक प्रभारी सन्तोष ठाकुर जयेंद्र मकवाना, संजय चेतवानी,मुकेश माथुर, राकेश चौहान विजय उज्जैनिया संतोष ठाकुर ने बताया कि शासकीय नवीन प्रावि कल्याणपुरा जिला दमोह के शिक्षक किशुन प्रसाद लडिया,का आकस्मिक निधन 11 दिसंबर 2025 को हुआ था। जिनके स्वजन (पत्नी और पुत्र) के खाते में तीसरे सहयोग के रूप में प्रति शिक्षक 60 रुपए का सहयोग कर रहे हैं। यह सहयोग 20 फरवरी तक किया जाएगा। चालीस लाख रुपए आर्थिक सहयोग का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में वर्तमान में महाशिवरात्रि के अवसर पर ब्लॉक, जिले सहित प्रदेश के शिक्षक नॉमिनी को सहयोग कर रहे हैं। इसके पूर्व पहले सहयोग के रूप में दमोह के शिक्षक दिलीप सिंह लोधी के निधन उपरांत उनके स्वजन को 40 लाख रुपए और दूसरे सहयोग के रूप में दतिया के शिक्षक राकेश अहिरवार के निधन उपरांत उनके स्वजन को 38 लाख रुपए की सहयोग सहायता राशि दी जा चुकी है। आज़ाद पटेल ब्लॉक मीडिया प्रभारी ने बताया कि अधिक से अधिक जिले के साथी रजिस्ट्रेशन करे। प्रोफाइल पंजीयन और वेबसाइट पर ऑनलाइन कार्य के लिए इंदौर जिले में हिमांशु ठाकुर और संतोष कुमार ठाकुर शिक्षकों के नवीन रजिस्ट्रेशन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।



## कांटाफोड़ मंदिर पर माँ वैष्णो देवी एवं भोले बाबा के दर्शनों के लिए लगी रही लम्बी कतारें

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर पर पांच दिवसीय शिव विवाह एवं शिवरात्रि महोत्सव में देर रात तक हजारों भक्तों ने माँ वैष्णो देवी की गुफा में विराजित मातारानी और रजत मंडित विवाह मंडप में विराजित दूल्हे भगवान भोलेनाथ की जीवंत झांकी के दर्शन किए। मंदिर पर भक्तों के सैलाब का आलम यह था कि शाम 6 बजे से ही भक्तों की कतारें लगना शुरू हो गई थीं जो देर रात तक लगातार चलती रही। सोमवार को सुबह भस्मारती के साथ इस पांच दिवसीय महोत्सव का समापन हुआ। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं संयोजक बी.के. गोयल ने बताया कि रविवार को सांय 6.30 बजे आरती के बाद माँ वैष्णो देवी की गुफा में विराजित मातारानी के दर्शनों के बाद मंदिर के रजत मंडित गर्भगृह में विराजित दूल्हे राजा के दर्शन और झांकी की एक झलक पाने के लिए भक्तों की कतारें शाम 6 बजे से ही लगना शुरू हो गई थी। शाम को विधायक गोलू शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में आरती के पश्चात झांकी के दर्शन प्रारंभ हुए और भक्तों ने कतारबद्ध होकर इस मनोहारी झांकी के दर्शन किए। मंदिर पर महिला पुरुषों के लिए बेरिकेट्स लगाकर दर्शन की व्यवस्था की गई थी। भक्तों के लिए फलाहारी प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी। मंदिर स्थित सभी देवालयों का भी विशेष श्रृंगार किया गया। देर रात तक भक्तों की कतारें लगातार चलती रहीं। रात डेढ़ बजे मंदिर पर विशेष पूजा शुरू हुई जिसका समापन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में महाकाल की तर्ज पर भस्मारती के साथ हुआ। आरती में मंदिर ट्रस्ट के विष्णु बिंदल, सुभाष बजरंग, टीकमचंद गर्ग, वीके गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर से जुड़े राजकुमार अग्रवाल, पार्षद मृदुल अग्रवाल, अमित गुप्ता, हेमंत गर्ग सेठानी सहित श्रद्धालुओं ने रातभर जागरण एवं भजन संकीर्तन की व्यवस्थाएं संभाली।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357,94245-83000

## सम्पादकीय

### दुनिया में एआइ का बढ़ता प्रभाव विकास की नई दिशा या रोजगार और समाज के लिए नई चुनौती

हाल के दिनों में जब से एआइ के बढ़ते दायरे और इसके असर की बात होने लगी है, तब से इसे भविष्य में नौकरियों का सृजन करने का औजार भी बताया गया है। तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में दुनिया भर में अभी सबसे ज्यादा जोर आधुनिक तकनीकों के विकास और इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा नवाचार के प्रयोग पर दिया जा रहा है। सभी देश अपनी विकास नीतियों में अद्यतन तकनीकों को अपना रहे हैं और पारंपरिक तरीके से होने वाले बहुत सारे कामों का स्वरूप अब बदल रहा है। खासतौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यानी एआइ के फैलते दायरे ने वैश्विक स्तर पर कामकाज के तौर-तरीकों और उसमें इंसानी भूमिका पर व्यापक असर डाला है। इसे समय के साथ कदम मिला कर चलने और विकास के परिप्रेक्ष्य में जरूरी माना जा रहा है तथा सभी देश एआइ के सकारात्मक उपयोग को लेकर सक्रिय दिख रहे हैं। भारत की इसमें एक महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। गौरतलब है कि नई दिल्ली में सोमवार से पांच दिनों का एआइ शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष से लेकर एआइ कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य एआइ के व्यापक तंत्र पर चर्चा के साथ-साथ आम लोगों की जिंदगी पर इसके सीधे असर और फायदों के बारे में जागरूकता फैलाना है। दरअसल, तकनीक के मामले में जितनी तेज रफ्तार से नवाचार का प्रयोग हुआ है, सभी जरूरी क्षेत्रों में एआइ का दायरा फैला है, उसमें इस पर चर्चा जरूरी हो जाती है कि इसकी संभावनाओं और उम्मीदों के साथ-साथ इससे जुड़ी आशंकाओं पर भी विचार हो। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि विकास के किसी स्वरूप से अंतिम तौर पर आम लोग प्रभावित होते हैं और कोई भी तकनीक इसी कसौटी पर देखी जाएगी कि उससे मनुष्य का कितना समग्र हित सुनिश्चित हो सका और दुनिया की ज्यादातर आबादी के लिए वह कितनी उपयोगी साबित हुई। 'किसी पर भरोसा न करें', सुप्रीम कोर्ट ने कहा- शादी से पहले शारीरिक संबंधों को लेकर रहें सतर्क हाल के दिनों में जब से एआइ के बढ़ते दायरे और इसके असर की बात होने लगी है, तब से इसे भविष्य में नौकरियों का सृजन करने का औजार भी बताया गया है। दूसरी ओर, एआइ के फैलते पांव के समांतर रोजगार पर इसके व्यापक प्रभाव और खतरों को लेकर आशंकाएं भी जताई गई हैं। दिल्ली के सम्मेलन में एक उद्देश्य एआइ से रोजगार, आम लोगों की जिंदगी पर पड़ने वाले असर और उसके खतरों को कम करने के लिए ठोस उपायों तथा प्रयासों पर भी चर्चा करना है।

# पाकिस्तान की जनता पर लग रहे है झटके पर झटके

**पाकिस्तान की जनता पर लग रहे है झटके पर झटके एक तो भारत के धुरंधर क्रिकेट टीम ने टी20 वर्ल्डकप में पाकिस्तान को 61 रनों से करारी हार दी है तो वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान में अब डीजल-पेट्रोल और महंगा हो गया है। पाकिस्तानी सरकार ने अगले 15 दिनों के लिए पेट्रोल की कीमत 5 रुपये प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल की कीमत 7.32 रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी है। यह जानकारी पाकिस्तानी न्यूज चैनल, Geo News ने दे रही है। नई रेट सोमवार, 16 फरवरी से लागू होंगी।**



अब पाकिस्तान में पेट्रोल 258.17 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर में मिलेगा, जो पहले 253.17 रुपये था। वहीं डीजल की कीमत बढ़कर 275.70 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 268.38 रुपये थी। बता दें कि पाकिस्तान में फ्यूल की कीमतों की समीक्षा हर 15 दिन में की जाती है। ये कीमतें अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में उतार-चढ़ाव, डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिति और देश के अंदर टैक्स में बदलाव के आधार पर तय की जाती हैं।

पाकिस्तान में हाई-स्पीड डीजल की कीमतें ज्यादा चिंता का विषय रहती हैं, क्योंकि इसका इस्तेमाल परिवहन, खेती और बिजली उत्पादन में बड़े पैमाने पर होता है। डीजल महंगा होने से महंगाई बढ़ती है और जरूरी सामानों की कीमतें भी ऊपर जाती हैं।

Geo News के मुताबिक पेट्रोल का इस्तेमाल छोटी गाड़ियों, रिक्शा और दोपहिया वाहनों में ज्यादा होता है। पेट्रोल की कीमतें डीजल जितनी बड़ी समस्या नहीं मानी जातीं, लेकिन इससे मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों के बजट पर असर पड़ता है, जो रोजमर्रा की आवाजाही के लिए पेट्रोल वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। इससे पहले 1 फरवरी की 15 दिन वाली समीक्षा में पाकिस्तान सरकार ने हाई-स्पीड डीजल की कीमत 14 रुपये प्रति लीटर घटाई थी। तब डीजल की कीमत 282.38 रुपये से घटाकर 268.38 रुपये प्रति लीटर कर दी गई थी, जबकि पेट्रोल की कीमत 253.17 रुपये प्रति लीटर पर ही रखी गई थी।

पाकिस्तान में इस समय सिर्फ बारूदी बम ही नहीं बल्कि महंगाई वाले बम भी फट रहे हैं, जो शहबाज शरीफ और जनरल मुनीर के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। आर्थिक मोर्चे पर देश गंभीर संकट में है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में गेहूं की कीमतों में एक महीने में 30 से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्व बैंक ने भी 2025-26 के लिए पाकिस्तान की जीडीपी वृद्धि दर केवल 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। देश में आम जनता महंगाई से बुरी तरह प्रभावित है। स्थिति ऐसी है कि चिकन से भी महंगा टमाटर बिक रहा है। चिकन की कीमत जहां 600 प्रति किलोग्राम है, वहीं लाहौर, कराची और पेशावर जैसे शहरों में टमाटर ?700 प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया है।

दूसरी ओर बलूचिस्तान में एक बार फिर बलूच विद्रोहियों ने पाकिस्तानी सेना और सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमले किए हैं। इन हमलों को बलूचिस्तान की आजादी की मांग करने वाले बलूच विद्रोही गुटों ने अंजाम दिया है। कई इलाकों में पाकिस्तानी सुरक्षाबल बैकफुट पर नजर आए और कुछ स्थानों पर सरकारी संस्थानों को आग के हवाले कर दिया गया।

ये हमले चार शहरों में किए गए- तुरबत, केच, क्वेटा और पंजगुर। तुरबत के डी बलोच इलाके में पाकिस्तानी सुरक्षाबलों पर ग्रेनेड हमला हुआ। अभी तक हताहतों या नुकसान की पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं केच जिले के बुलेदा इलाके में जोरदार विस्फोटों और भारी गोलीबारी की खबरें हैं। इस क्षेत्र में संचार सीमित होने के कारण विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है।

बलूचिस्तान की राजधानी कोटा में हजारगंजी और फैजाबाद इलाकों में पाकिस्तानी सेना की चौकियों पर दो ग्रेनेड हमले किए गए। पंजगुर के वाशबोद इलाके में CPEC हाइवे को बंद कर हथियारबंद लोगों ने वाहनों की तलाशी ली और यात्रियों की पहचान जांची गई।

बताया जाता है कि पाकिस्तान में दो पुलिस वाहन जब्त किए गए और उनमें मौजूद हथियार कब्जे में लिए गए। इसके अलावा एक पुलिस थाने को कब्जे में लेकर उसमें आग लगा दी गई। बोनिस्तान इलाके की एक चेकपोस्ट भी हमलावरों के नियंत्रण में आ गई। सरकारी समर्थन प्राप्त मिलिशिया 'डेथ स्क्वाड' के कमांडर कासिम के नेतृत्व में काम करने वाले कुछ सदस्यों के घायल होने की खबर है।

हाल ही में हौशाब जिले में एक बड़ा सशस्त्र अभियान हुआ, जिसमें विद्रोहियों ने इलाके का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। NADRA कार्यालय और लेविज स्टेशन को जला दिया गया। इसके अलावा M8 CPEC हाइवे पर एक नाकेबंदी के दौरान 10 गैर-स्थानीय नागरिकों को बंधक बना लिया गया।

बहरहाल मैदान पर टीम इंडिया के गेंदबाजों ने विकेट उखाड़े, तो उधर पाकिस्तान में न जाने कितने टीवी टूटे होंगे। कोलंबो में भारत से मिली शर्मनाक हार के बाद एक पाकिस्तानी फैन का वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि कैसे एक शख्स हार की 'बेइज्जती' बर्दाश्त नहीं कर पाया और हाथ में बल्ला लेकर अपने ही घर के टीवी के परखच्चे उड़ा दिए।

दरअसल, पाकिस्तानी फैन वकार आजम ने जो वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने गुस्से वाले दो इमोजी और एक दिल टूटने वाला इमोजी लगाया। इतना ही उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा, 'भारत ने पाकिस्तान को फिर हरा दिया और मैंने गुस्से में अपना टीवी तोड़ दिया'। वीडियो वायरल होने पर लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया भी दी।

वहीं, पाकिस्तान में एक यू-ट्यूब चैनल के शो के दौरान भी फैन ने गुस्से में टीवी तोड़ दिया। मालूम हो कि पाकिस्तान में भारत से हार के बाद टीवी तोड़ना अब आम बात हो गई है। हर बार जब पाकिस्तान टीम को हार मिलती है तो पड़ोसी मुल्क में इसी तरह टीवी तोड़े जाते रहे हैं।

गौरतलब है कि पाकिस्तान की टीम टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ अब तक इतिहास में केवल एक ही बार जीत हासिल कर पाई है। टी20 विश्व कप की ही बात करें तो भारत और पाकिस्तान के बीच कुल 9 बार टक्कर हुई है जिसमें से 8 बार भारतीय टीम को जीत मिली है, जबकि सिर्फ एक बार पाकिस्तान ने जीत का स्वाद चखा है। 2021 के बाद से तो लगातार भारतीय टीम विश्व कप में चिर प्रतिद्वंद्वी टीम को मात दे रही है।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

## पुलिसकर्मियों ने सीपीआर देकर बचाई जान, बेहोश राहगीर को समय रहते अस्पताल पहुंचाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • जिले के सनावद क्षेत्र में दो पुलिसकर्मियों ने सोमवार दोपहर एक राहगीर की सीपीआर देकर जान बचाई। ढकलगांव रोड पर बाइक से जा रहे एक व्यक्ति को अचानक माइनर हार्ट अटैक की आशंका के बाद वह बेहोश होकर गिर गए थे। यह घटना दोपहर करीब 1 बजे हुई, जब एक दंपती बाइक से गुजर रहे थे। राहगीर के अचानक बेहोश होकर गिरने से उनके साथ मौजूद महिला घबरा गई और मदद के लिए आवाज लगाई।



क्षेत्र में गश्त कर रहे सनावद थाना के प्रधान आरक्षक गंभीर मीणा और आरक्षक श्रीकृष्ण बिरला तुरंत मौके पर पहुंचे। आरक्षक बिरला ने पीड़ित को माइनर हार्ट अटैक की आशंका में तत्काल सीपीआर दी, जबकि प्रधान आरक्षक मीणा ने 112 एंबुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल भिजवाया। निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया। डॉक्टरों ने माइनर हार्ट अटैक की आशंका जताई है और आवश्यक जांचें की जा रही हैं। लगभग चार घंटे के उपचार के बाद अब पीड़ित की हालत खतरे से बाहर है और वे बातचीत कर पा रहे हैं। पुलिसकर्मियों की त्वरित कार्रवाई और प्रशिक्षण के कारण समय रहते व्यक्ति का जीवन बचाया जा सका।



## नवचंडी मेले में हास्य कवि चेतन चर्चित गुदगुदाएंगे, 19 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • नगर निगम द्वारा आयोजित मां नवचंडी मेला 2026 का शुभारंभ 10 फरवरी से हो चुका है। आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े इस मेले में धार्मिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों की श्रृंखला रखी गई है। आयोजन की अनुमति के बाद व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी नवशक्ति एंटरटेनमेंट कंपनी को सौंपी गई है। मेले का सबसे बड़ा आकर्षण 19 फरवरी, गुरुवार को होने वाला अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन रहेगा। इसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से आए कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

कवि सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय कवि मनवीर मधुर (दिल्ली), प्रसिद्ध संचालक शशिकांत यादव (देवास), हास्य कवि सुदीप भोला (दिल्ली), लोकप्रिय हास्य कवि शम्भू शिखर (मधुबनी), ओज कवि अशोक चरण (जयपुर), ख्यात हास्य कवि चेतन चर्चित (मुंबई) और संयोजक व गीतकार अमन अक्षर (मूंदी/इंदौर) अपनी प्रस्तुतियां देंगे। 22 और 24 फरवरी को निमाड़ी गम्मत के कार्यक्रम होंगे। इसमें क्षेत्रीय कलाकार लोक मनोरंजन की पारंपरिक शैलियों को मंच पर प्रस्तुत करेंगे।

## बुरहानपुर में वकीलों की हड़ताल नहीं किया काम, शिवपुरी में एडवोकेट की हत्या का विरोध



**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • सोमवार को वकीलों ने न्यायालयीन कामकाज पूरी तरह बंद रखा। शिवपुरी में 14 फरवरी को अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या के विरोध में यह 'प्रतिवाद दिवस' मनाया गया। जिला अधिवक्ता संघ ने दोपहर 3 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सत्यनारायण वाघ ने बताया कि मध्य प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा से जुड़ी खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। पहले भी कई अधिवक्ताओं पर हमले हुए हैं या उनकी जान गई है। हाल ही में शिवपुरी में एक अधिवक्ता साथी की हत्या इस उद्देश्य से की गई ताकि वह एक प्रकरण में पैरवी न कर सकें। इस घटना से प्रदेश का अधिवक्ता समुदाय दुखी और आक्रोशित है। मध्य प्रदेश अधिवक्ता परिषद के आह्वान पर आज एक दिन के लिए वकील कार्य से विरत रहे।

### फास्ट ट्रैक कोर्ट में चले केस

वकीलों ने राष्ट्रपति, भारत के मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने और आरोपियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने की मांग की गई।

### सरकारी नौकरी और 1 करोड़ की मांग

ज्ञापन में मृतक परिवार के सदस्य को शासकीय सेवा में रखने और मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपये की राशि दिए जाने की मांग भी की गई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की।

## 175 लीटर अवैध शराब जब्त, 90 हजार की शराब काठी-बागड़ में छिपाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • बिस्टान में घर के पिछले हिस्से की बागड़ और तुअर की काठी में छिपाकर रखी गई 19 पेटी 175 लीटर देशी-विदेशी शराब बरामद की गई है। जब्त शराब की कीमत 90 हजार रुपए बताई गई है। थाना प्रभारी गुलाबसिंह रावत ने बताया कि आरोपी पन्नालाल पिता चैनसिंह डावर निवासी खेडा फाल्या ढाबला मौके से फरार हो गया। उसने अवैध रूप से शराब बेचने के लिए बड़े पैमाने पर इसका संग्रहण किया था। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उस पर पहले से ही 5 अन्य प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस टीम ने सोमवार सुबह मुखबिर की सूचना पर आरोपी के मकान के आसपास तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान 19 पेटी शराब बरामद हुई, जिसमें 9 पेटी देशी प्लेन, 1 पेटी ऑफिसर चॉइस, 1 पेटी लंदन प्राइड वोदका, 1 पेटी लंदन प्राइड व्हिस्की, 3 पेटी गोवा व्हिस्की, 3 पेटी



पावर स्ट्रॉन्ग बीयर और 1 पेटी रॉयल सिलेक्ट शामिल थी। कुल 175.32 लीटर अवैध देशी-विदेशी शराब जब्त की गई। दबिश के दौरान पुलिस टीम को पशुबाड़े और गोबर के ढेरों के बीच से गुजरना पड़ा। उन्हें काठी और बड़े पैमाने पर झाड़ियों को भी हटाना पड़ा। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस क्षेत्र में लगातार तलाशी कर रही है।

## ट्रांसफार्मर चोर गिरोह पकड़ाया, 3 साल में 68 वारदातों से 1.70 करोड़ का नुकसान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • नेपानगर पुलिस ने खेतों से ट्रांसफार्मर की क्वाइल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 7 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें चोरी का माल खरीदने वाला एक कबाड़ी भी शामिल है। महाराष्ट्र के जलगांव के रहने वाले इस गिरोह ने पिछले तीन सालों में जिले में 68 ट्रांसफार्मरों से क्वाइल चोरी की, जिससे करीब 1.70 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। पुलिस ने आरोपियों के पास से 80 किलो तांबे की क्वाइल और वाहनों



सहित कुल 5.15 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया है। आरोपी चोरी की वारदातों को अंजाम देने से पहले दिन में बाइक से क्षेत्र की रेकी करते थे। रात होते ही वे सुनसान खेतों में पहुंचते और कटर मशीन से बिजली के खंभे से ट्रांसफार्मर की लाइन काटकर उसे नीचे गिरा देते थे। इसके बाद औजारों की मदद से ट्रांसफार्मर खोलकर उसमें से महंगी तांबे की क्वाइल निकाल लेते थे। यह गिरोह 2024 से लगातार सक्रिय था। 2025-26 में इन्होंने नेपानगर क्षेत्र के ग्राम सीवल, सांईखेड़ा और पलासुर में 7 चोरियां कीं। इसके अलावा निंबोला में 7, शाहपुर में 40 और शिकारपुरा में एक खेत से क्वाइल चोरी की गई। इन चोरियों से बिजली कंपनी को ट्रांसफार्मर बदलने में करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ा। थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल ने बताया कि 9 फरवरी 2026 को गश्त के दौरान पुलिस ने अकरम (18) और शरीफ (50) निवासी जलगांव को संदिग्ध हालत में पकड़ा था। न्यायालय से रिमांड लेकर सख्ती से पूछताछ की गई तो पूरे गिरोह का खुलासा हुआ। आरोपियों पर संगठित अपराध की धारा 112 बीएनएस और 139 मप्र विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## किन्नर सितारा गुरु बनीं सीता, महादेवगढ़ मंदिर में अपनाया सनातन धर्म

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** •प्राचीन महादेवगढ़ मंदिर परिसर में सोमवार को किन्नर समाज की सदस्य वाहिद अहमद उर्फ सितारा गुरु ने सनातन धर्म अपना लिया। वैदिक विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुए कार्यक्रम के बाद अब उनकी पहचान 'सीता' के नाम से होगी। इस दौरान किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर सौम्या सखी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। मंदिर परिसर में हवन, पूजन और मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। मंदिर के पुजारियों ने मंत्रोच्चार के साथ धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी कराई। कार्यक्रम के बाद वहां मौजूद किन्नर समाज के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने सीता का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।

# 21 फरवरी को मेसी के बिना ही उतरेगी इंटर मियामी

**फोर्ट लॉडरडेल (एजेंसी) •** इंटर मियामी को 21 फरवरी को होने वाले मेजर लीग फुटबॉल (एमएलएस) कप के पहले मैच में स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के बिना ही उतरना होगा। मैसी के बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इस मैच तक फिट होने की संभावना नहीं है।इंटर मियामी की टीम ने कहा है कि मेसी चोटिल और उपचार के दौर से गुजर रहे है। एमएलएस सत्र में लगातार दो बार के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे मेसी ने पिछले सप्ताह मेंइक्वाडोर में अभ्यास सत्र से पहले खेले गए मैच में एक गोल दागा था पर दूसरे हाफ के दौरान ही उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इस कारण वह मैदान से बाहर आ गये थे। इसी को लेकर इंटर मियामी ने कहा, अभ्यास में उनकी वापसी आने वाले दिनों में उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी। वहीं अगर मेसी नहीं खेलते तो ये टीम के लिए करारा झटका होगा। मेसी को क्लब कितन अहम मानना है उसका अंदाजा इसी से होता है कि पिछले अक्टूबर में इंटर मियामी ने उनके साथ अनुबंध को तीन साल के लिए बढ़ा दिया था।



## राशिद टी-20 में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी) •** आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का 28वां मुकाबला यूएई और अफगानिस्तान के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया। इस मैच को अफगानिस्तान ने जैसे-तैसे पांच विकेट से जीत लिया। इस मैच में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने बड़ा ारनामा कर दिया। अफगानिस्तान के अनुभवी ऑलराउंडर राशिद खान टी-20 फॉर्मेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। टी-20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो हैं, जिन्होंने 631 विकेट लिए हैं।



## अभिषेक के बल्ले से नहीं निकल रहे रन, इस साल चौथी बार शून्य पर आउट हुए

**मुंबई (एजेंसी) •** भारतीय टी20 टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा इस साल की शुरुआत से ही खामोश है, पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी पर वह शून्य पर ही आउट हो गये। अभिषेक अब तक टी20 विश्कवप में भी रन नहीं बना पाये हैं। अभिषेक ने अब तक इस टूर्नामेंट में दो मेच खेले हैं पर वह एक भी रन नहीं बना पाये हैं। दोनों ही मैचों में वह अपना खाता भी नहीं खो पाये। इससे एक साल में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले वे भारत के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं।अभिषेक ने 7 फरवरी को टी20 विश्व कप में डेब्यू किया। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी पर वह एक भी रन नहीं बना पाये। इसके बाद दिल्ली के नामीबिया के खिलाफ वह खेल नहीं पाये। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ वापसी करते हएु भी उनसे धमाकेदार पारी की उम्मीद थी पर वह शून्य पर ही पेवेलियन लौट गये जबकि माना जा रहा था कि जिस प्रकार उन्होंने पिछले साल रन बनाये थे। उसी प्रकार वह इस बार भी बनायेंगे। साल 2026 में यह चौथी बार है, जब अभिषेक टी20 अंतरराष्ट्रीय में खाता नहीं खोल पाये हैं। पिछले 6 मैचों में वह 4 बार शून्य पर आउट हुए हैं। गौरतलब है कि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक साल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने का अनचाहा रिकॉर्ड संजू सैमसन का है, जो पिछले साल 2025 में 5 बार शून्य पर आउट हुए हैं।



अभिषेक इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे और चौथे मुकाबले में भी शून्य पर ही आउट हो गये थे। कुल मिलाकर अभिषेक शर्मा का टी20 क्रिकेट में पांचवां शून्य है, क्योंकि टी20 क्रिकेट में उनकी शुरुआत ही जीरो के साथ हुई थी। हालांकि, इसके बाद लगातार बड़ी-बड़ी पारियां खेलकर उन्होनें अपने को साबित किया पर इस बार 7 मैचों में से चार मैचों में वह एक भी रन नहीं बना पाये हैं।वहीं सैमसन ने पिछले साल 5 पारियों में एक भी रन नहीं बनाया था।

# फिल्म 'स्वयंभू' के टीज़र में दिखा सम्युक्ता का दमदार रूप

**मुंबई (एजेंसी) •** अभिनेत्री सम्युक्ता मेनन ने अपनी नई फिल्म स्वयंभू के टीज़र में ऐसा जोरदार प्रभाव छोड़ा है कि नजरें हटाना मुश्किल हो जाएं। टीज़र में उनकी गूंथी हुई चोटी, युद्ध के लिए तैयार तेवर और रफ-टफ योद्धा वेशभूषा उन्हें कच्ची शक्ति और अडिग इरादे का प्रतीक बनाती है। इस बार वह एक भयंकर, निडर और दृढ़ योद्धा के रूप में दिखाई देती हैं एक ऐसा चरित्र जो अफरातफरी को चीरते हुए पूरे आत्मविश्वास, ऊर्जा और तीव्रता के साथ आगे बढ़ता है। सम्युक्ता का यह किरदार शब्दों की जगह एक्शन से बोलता है और हर फ्रेम से साफ झलकता है कि वह अपने करियर के सबसे साहसी और रचनात्मक दौर में प्रवेश कर चुकी हैं। यह भूमिका इसलिए भी खास है क्योंकि इससे पहले वह कई फिल्मों में बेहद प्रभावशाली किरदार निभा चुकी हैं भीमला नायक में दमदार उपस्थिति, बीम्बीसारा में पौराणिक अंदाज़, वीरुपाक्शा में थ्रिल का जोरदार मिश्रण और सार में जमीन से जुड़ी अदाकारी इन सभी अनुभवों का प्रभाव उनके नए अवतार में साफ दिखाई देता है।





## मेरी मां ने तुरंत पहचान लिया था रवि सर को: मृणाल

**मुंबई (एजेंसी) •** अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अपनी अपकमिंग फिल्म दो दीवाने शहर में की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। इस बीच उन्होंने फिल्म के निर्देशक रवि उयदवार से पहली मुलाकात का दिलचस्प किस्सा साझा किया। मृणाल ठाकुर ने बताया कि उनकी रवि उदयवार से पहली मुलाकात काफी अप्रत्याशित थी। उन्होंने कहा, 'मेरी पहली मुलाकात रवि सर से उनके नए घर की लिफ्ट में हुई थी। मजेदार बात यह है कि मेरी मां ने उन्हें तुरंत पहचान लिया, जबकि मैं उन्हें पहले कभी नहीं मिली थी। मेरी मां ने ही उत्साह से कहा, 'ओह माय गॉड, मुझे आपकी फिल्म मॉम बहुत पसंद आई थी।' इसके बाद मृणाल ने बताया कि किस तरह उन्होंने इस फिल्म में काम करने का फैसला किया। वह कहती हैं, 'मैंने रवि सर से कहा कि मैं उनके काम की बहुत बड़ी फैन हूं और उनके साथ काम करना चाहती हूं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि जल्द ही बात करेंगे। कुछ दिनों बाद उनका मैसेज आया, लेकिन उसी समय मुझे दुबई जाना था, इसलिए बातचीत सीमित रह गई।' वह आगे बताती हैं, 'मैंने कहानी का एक छोटा हिस्सा सुना और फिर कुछ दिनों बाद सीधे उनके ऑफिस पहुंची, जहां उन्होंने मुझे पूरी स्क्रिप्ट सुनाई।

## उज्जैन संभाग

# विक्रमोत्सव व्यापार मेले में पहले दिन 501 वाहन बिके, 18 मार्च तक 50% छूट का लाभ लेने के लिए लगी लाइन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन •** विक्रमोत्सव के तहत लगातार तीसरे वर्ष व्यापार मेला उज्जैन में लगा है। जिसमें वाहनों के रजिस्ट्रेशन में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इस वर्ष मेला 15 फरवरी से शुरू होकर 18 मार्च तक इंजीनियरिंग कालेज में आयोजित हो रहा है। पहले ही दिन उज्जैन व्यापार मेले से 501 वाहनों की बिक्री हो गई। इस वर्ष कुल 40 हजार वाहनों की बिक्री उज्जैन के व्यापार मेले से होने की संभावना है।

उज्जैनी विक्रमोत्सव व्यापार मेले के दौरान विक्रित होने वाले ऐसे गैर-परिवहन मोटर साईकिल, मोटर कार, ओमनी बस तथा हल्के परिवहन वाहनों को मोटरयान कर की दर में 50% की मेला अवधि 15 से 18 फरवरी तक छूट शासन की और प्रदान की गई है। रविवार शाम को सीएम डॉ मोहन यादव ने मेले का शुभारम्भ किया था जिसके बाद सोमवार को बड़ी संख्या में छूट का फायदा उठाते हुए लोगो ने वाहन ख़रीदे। पहले दिन दो पहिया वाहन 136,चार पहिया वाहन 340 और अन्य वाहन 25 सहित कुल 501 वाहन बिकने के बाद रजिस्ट्रेशन के लिए पहुंचे। बाईट दो वर्ष में मेले के दौरान कुल 59930 हजार वाहन विक्रय हुए थे जिससे कुल 308 करोड़ का राजस्व सरकार को मिला था।

# संभाग में भी दिखेगा नए सिस्टम का असर, प्रदेश में 18-19 फरवरी को बारिश के आसार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन •** वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से ग्वालियर, चंबल-सागर के साथ उज्जैन संभाग में भी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने 18 और 19 फरवरी को ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और नीमच में बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। भोपाल और इंदौर में बादल छा सकते हैं। रविवार को प्रदेश में मौसम का मिला-जुला असर दिखने को मिला। खंडवा-खरगोन में दिन का तापमान 34 डिग्री के पार पहुंच गया, तो दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, इंदौर, रायसेन, रतलाम, उज्जैन, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, नरसिंहपुर, सागर, सतना और उमरिया में पारा 30 डिग्री या इससे अधिक रहा। वहीं, शनिवार-रविवार की रात की बात करें तो कटनी का करौंदी सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री दर्ज किया गया। पचमढ़ी में 9.2 डिग्री, कल्याणपुर में 9.4 डिग्री और रीवा में 9.6 डिग्री रहा। 5 बड़े शहरों में इंदौर में सबसे कम 11.5 डिग्री, ग्वालियर में 11.7 डिग्री, भोपाल में 13 डिग्री, उज्जैन में 13.5 डिग्री और जबलपुर में तापमान 14.3 डिग्री दर्ज किया गया। फरवरी में तीसरी बार भीगेगा एमपी फरवरी के शुरुआत में ही प्रदेश में दो बार ओले, बारिश और आंधी का दौर रह चुका है। इससे फसलों को खासा नुकसान हुआ था। इसके बाद सरकार ने प्रभावित फसलों का सर्वे भी कराया था। इसके बाद अब तीसरी बार फरवरी भीगेगा।

# लंबित शिकायतें 2 दिन में निपटाए,वरना कार्रवाई की जाएगी - प्रीति यादव



**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा •** जिले में सीएम हेल्पलाइन पर 50 दिनों से ज्यादा समय से अटकी शिकायतों को लेकर कलेक्टर प्रीति यादव ने सख्त रवैया अपनाया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अल्टीमेटम दिया है कि अगले दो दिनों के अंदर इन शिकायतों का निपटारा हर हाल में किया जाए, वरना कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को हुई समय-सीमा (टीएल) बैठक में कलेक्टर ने राजस्व, वन, शिक्षा और स्वास्थ्य विभागों के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देश दिए कि सीमांकन, नामांतरण और बंटवारे के मामलों को समय पर सुलझाएं। साथ ही, सोयाबीन मुआवजा न मिलने से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर खत्म करने को कहा गया।

### डिजिटल जनगणना 2027 की तैयारी

बैठक में बताया गया कि जनगणना-2027 की प्रक्रिया फरवरी-मार्च 2027 के बीच दो चरणों में होगी। खास बात यह है कि यह पूरी जनगणना डिजिटल तरीके से की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को अभी से तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

### खाद वितरण और ई-केवाईसी में सुधार

किसानों को खाद मिलने में परेशानी न हो, इसके लिए सभी कृषकों की फार्मर आईडी बनाने और उसे खसरों से लिंक करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, जनपद सीईओ और नगर पालिका अधिकारियों को समग्र ई-केवाईसी के काम में तेजी लाने को कहा गया।

### 'संकल्प से समाधान' पर नाराजगी

कलेक्टर ने 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत जिले के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जताई। उन्होंने साफ किया कि शासन की योजनाओं के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा किया जाए और जनता की समस्याओं को टालने के बजाय उनका तुरंत समाधान निकाला जाए। इस बैठक में एसडीएम, तहसीलदार और सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

# बालगृह से भागे बच्चों का अब-तक सुराग नहीं, नेपाल भागने की आशंका, वॉशरूम की ग्रिल तोड़कर भागे थे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन •** नागझिरी थाना क्षेत्र स्थित लालपुर के सरकारी बालगृह से वाशरूम की ग्रिल तोड़कर भागे दो नाबालिग बच्चों का चार सप्ताह बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने दोनों की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। करीब 27 दिन पहले बालगृह से दो बच्चे फरार हो गए थे, जिसकी सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी गई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि फरार नाबालिगों में एक की उम्र 13 वर्ष और दूसरे की उम्र 15 वर्ष है। इनमें से एक बच्चा करीब तीन महीने पहले बालगृह में लाया गया था, जबकि दूसरा लगभग एक वर्ष से वहीं रह रहा था। 20 जनवरी को दोनों बच्चों ने वाशरूम जाने की बात कहकर अंदर प्रवेश किया और वहां लगी ग्रिल तोड़कर फरार हो गए। कुछ देर बाद जब स्टाफ ने उन्हें देखा तो वे बालगृह में नहीं थे। इसके बाद पुलिस और बालगृह प्रशासन ने सर्च अभियान शुरू किया, लेकिन अब तक दोनों बच्चों का कोई पता नहीं चल पाया है। सूत्रों के अनुसार, फरार बच्चों में से एक नेपाल का रहने वाला है, जिसे शाजापुर से उज्जैन के बालगृह भेजा गया था, जबकि दूसरा दिल्ली का निवासी है। पुलिस ने दोनों की तलाश के लिए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य संभावित स्थानों पर छापेमारी की, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है। नेपाल निवासी बच्चे के अपने घर भाग जाने की आशंका भी जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस लगातार सर्चिंग कर रही है और दोनों नाबालिगों की तलाश जारी है।



न्यूज ब्रीफ

## सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने ममलेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक ली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सम्भागायुक्त इंदौर संभाग डॉ. सुदाम खाड़े ने शनिवार की शाम को ओंकारेश्वर पुलिस कंट्रोल रूम के सभाकक्ष में ममलेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक ली और मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में कलेक्टर खण्डवा ऋषव गुप्ता, एसडीएम पुनासा पंकज वर्मा सहित अन्य अधिकारी और समिति के सदस्यगण भी मौजूद थे। सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने बैठक में निर्देश दिए कि ममलेश्वर मंदिर में लगी लोहे की बेरीकेडिंग को हटाकर उसके स्थान पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्टेनलेस स्टील की जिगजेग बेरीकैंडिंग और मिस्ट फैन लगवाए जाएं। उन्होंने मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए फाइबर कैनोपी लगवाने के लिए भी कहा, ताकि वर्षा ऋतु और धूप से बचाव हो सके। उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित वृहदकालेश्वर मंदिर की मूर्तियों को अन्य स्थान पर रखने हेतु टीन शेड निर्माण करवाने के निर्देश भी दिए।

## दीन-दुखियों की सेवा का संकल्प प्रेरणादायी और अनुकरणीय : पटेल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि दीन-दुखियों की सेवा का संकल्प प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय है। खरगौन-बड़वानी सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने माता-पिता के संस्कारों से प्रेरित होकर जो सेवा का संकल्प लिया है, वह अत्यंत पुण्य का कार्य है। उन्होंने सुशीला देवी उमराव सिंह पटेल सेवा संस्थान द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के लिये निरंतर किए जा रहे कार्यों की सराहना की। राज्यपाल पटेल सोमवार को बड़वानी के भिलट देव धाम, ग्राम नागलवाड़ी में सुशीला देवी उमरावसिंह पटेल सेवा संस्थान द्वारा सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन एवं टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं पोषण आहार वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम से पूर्व स्थानीय भिलट देव धाम पहुँचकर पूजा-अर्चना भी की।

## राज्यपाल पटेल के इंदौर आगमन पर कलेक्टर ने की भेंट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राज्यपाल मंगुभाई पटेल अपने दो दिवसीय प्रवास पर आज इंदौर आये। रेसीडेंसी कोठी पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने राज्यपाल पटेल से शिष्टाचार भेंट की और पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल आज देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इंदौर के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे तथा विश्वविद्यालय परिसर में एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कार्यक्रम पश्चात राज्यपाल श्री पटेल दोपहर 2 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# प्रदेश में आदिवासी विकास प्राधिकरण में कैबिनेट दर्जा सिर्फ नाम का ?

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश के आदिवासी विकास प्राधिकरण का बजट और विकास कार्यों के लिए संघर्ष जारी है। सवाल यह है कि यह केवल कागजों में सक्रिय है या राजनीतिक संतुलन साधने का प्रयास? मध्यप्रदेश के शहरिया और भारिया विकास प्राधिकरण के पदाधिकारियों ने कहा कि उन्होंने कई बार सीएम मोहन यादव से बजट की मांग की। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। स्थिति यह है कि एक कमरे में दो कैबिनेट दर्जा प्राप्त अध्यक्ष और एक राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त उपाध्यक्ष बैठते हैं। वे भी एक कुर्सी पर बारी-बारी से नेम प्लेट बदलकर बैठते हैं। तीन साल में आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए कोई बजट नहीं आवंटित हुआ।

### कौन हैं पदाधिकारी?

दिनेश कुमार अंगारिया,अध्यक्ष, मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय भारिया विकास प्राधिकरण (कैबिनेट दर्जा)

तुरसनपाल बरैया- अध्यक्ष, मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय शहरिया विकास प्राधिकरण (कैबिनेट दर्जा) सीताराम आदिवासी- उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा), नियुक्ति लगभग 6 माह पूर्व। दोनों अध्यक्षों की नियुक्ति वर्ष 2023 में हुई थी। मार्च-अप्रैल 2026 में उनका तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने जा रहा है। आगामी आदेश तक वे पद पर बने रहेंगे।

### दर्जा ऊंचा, व्यवस्था शून्य

सरकार ने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए यह प्राधिकरण बनाया। कैबिनेट और राज्यमंत्री का दर्जा भी दिया गया, लेकिन हकीकत यह है कि एक ही ऑफिस, एक ही कुर्सी और सीमित संसाधनों में पूरा काम चल रहा है। जब जो पदाधिकारी आता है, अपनी नेम प्लेट लगाकर उसी कुर्सी पर बैठ जाता है।

सैकड़ों पत्र शासन को भेजे, समाधान नहीं एक अध्यक्ष को पीएसओ, दूसरे को नहीं। वाहन सुविधा है, लेकिन उपयोग सीमित कार्यकाल खत्म होने को, लेकिन हाथ खाली। तीन साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। लेकिन न पर्याप्त स्टाफ मिला, न स्थायी ढांचा, न विकास योजनाओं के लिए बजट।



### क्या यह प्राधिकरण सिर्फ कागजों में सक्रिय है?

शहरिया जनजाति ग्वालियर, अशोकनगर, गुना, दतिया, मुरैना, भिंड, श्योपुर और शिवपुरी में प्रमुख है। भारिया समुदाय नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट में अधिक है। पदाधिकारी इन क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं, लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी छोटी समस्याओं के समाधान के लिए बजट उपलब्ध नहीं है।

### मुख्यमंत्री तक गुहार, नतीजा सिफर

अध्यक्षों का कहना है कि वे कई बार मुख्यमंत्री से मिल चुके हैं। हजारों पत्र शासन और अधिकारियों को भेजे गए। लेकिन तीन साल में किसी भी पत्र पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यह स्थिति प्रशासनिक संवेदनशीलता पर सवाल खड़े करती है। सुरक्षा और सुविधा में भी असमानता? सूत्रों के अनुसार एक अध्यक्ष को पीएसओ मिला है, जबकि दूसरे को अब तक सुरक्षा नहीं दी गई। उपाध्यक्ष की नियुक्ति छह माह पूर्व हुई, लेकिन व्यवस्थाएं अब भी सीमित हैं। कैबिनेट दर्जा होने के बावजूद समन्वय और सम्मान की कमी की शिकायतें सामने आ रही हैं।

### क्या यह सिर्फ राजनीतिक संतुलन?

एमपी सरकार आदिवासी कल्याण और न्याय की बात करती है। लेकिन जब खुद प्राधिकरण के प्रमुख ही संसाधनों के लिए संघर्ष कर रहे हों, तो समुदाय को क्या राहत मिल पाएगी? क्या यह सिर्फ चुनावी संतुलन साधने का निर्णय था?

### खर्च हो रहा है, विकास नहीं

वाहन और आवास जैसी सामान्य सुविधाओं पर खर्च हो रहा है। लेकिन जमीनी विकास कार्यों के लिए अब तक एक रुपया भी जारी नहीं हुआ। तीनों पदाधिकारी खुलकर कहते हैं। हम दौरा कर रहे हैं, समस्याएं उठा रहे हैं, लेकिन बजट नहीं है।

### जवाबदेही किसकी?

आदिवासी विकास प्राधिकरण: यदि तीन साल में आदिवासी क्षेत्रों के लिए कोई ठोस योजना लागू नहीं हो पाई, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या सरकार आगामी आदेशों में इस प्राधिकरण को सशक्त करेगी? या फिर यह संस्था सिर्फ दर्जा और पद तक सीमित रह जाएगी? मध्य प्रदेश में यह मामला अब सिर्फ प्रशासनिक मुद्दा नहीं, बल्कि आदिवासी विश्वास और राजनीतिक प्रतिबद्धता की परीक्षा बन चुका है।

# कचरा प्रोसेसिंग में ढिलाई पर सख्त हुए, संबंधितों को आयुक्त ने लगाई फटकार

## ट्रेंचिंग ग्राउंड से सिटी फॉरेस्ट तक आयुक्त का व्यापक निरीक्षण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने शहर के ठोस कचरा प्रबंधन तंत्र और हरित परियोजनाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए देवगुराड़िया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड तथा बिचोली हैप्सी स्थित सिटी फॉरेस्ट का सोमवार को विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बायो-सीएनजी प्लांट, नेप्रा, सीएंडडी वेस्ट प्लांट और ग्रीन वेस्ट प्लांट की कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा कर सुधारात्मक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के समय अपर आयुक्त प्रखर सिंह, यंत्री सुमित अस्थाना, सौरभ महेश्वरी सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने सभी प्लांट्स पर प्रस्तुतिकरण देखकर इनपुट-आउटपुट, क्षमता उपयोग, सुरक्षा मानक, मानव संसाधन और रखरखाव व्यवस्थाओं की जानकारी ली।



### ग्रीन वेस्ट प्लांट-सुरक्षा और गति पर सख्ती

बिचोली हैप्सी स्थित सिटी फॉरेस्ट के ग्रीन वेस्ट प्लांट में ग्रीन वेस्ट संग्रहण, प्रतिदिन की मात्रा, कार्यबल उपलब्धता, बुरादे के उपयोग, रखरखाव और संचालन व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। ग्रीन वेस्ट से बनने वाले बायो-फ्यूल और पैलेट की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए आयुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था में कमी और प्रोसेसिंग की धीमी गति पर संबंधित एजेंसी को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही समयबद्ध सुधार, सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन और उत्पादन क्षमता बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए।

**बायो-सीएनजी प्लांट- इनपुट से आउटपुट तक**

समीक्षा: आयुक्त ने सर्वप्रथम बायो-सीएनजी गैस प्लांट का निरीक्षण किया। यहां प्रतिदिन प्राप्त होने वाले गीले कचरे की मात्रा, वेटिंग प्रक्रिया, अपशिष्ट से गैस उत्पादन की संपूर्ण श्रृंखला, मशीनरी संचालन, गैस आउटपुट, वितरण व्यवस्था और गैस के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। आयुक्त ने इनपुट की गुणवत्ता, निर्बाध संचालन और अधिकतम उत्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्वच्छता परी व नेप्रा- पृथक्करण और सुरक्षा पर जोर: स्वच्छता परी परिसर में विकसित फॉरेस्ट के रखरखाव, संरक्षण और हरित आवरण की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके बाद नेप्रा प्लांट में सूखे कचरे के पृथक्करण, प्रतिदिन आने वाले कचरे की मात्रा, कार्यरत कर्मचारियों की संख्या, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपायों की जांच की गई। आयुक्त ने सीएंडडी वेस्ट के संकलन, प्रसंस्करण और उससे बने पेवर ब्लॉक्स के उपयोग पर भी विस्तृत जानकारी लेकर गुणवत्ता और उपयोगिता बढ़ाने के निर्देश दिए।

**लक्ष्य-स्वच्छ सुरक्षित टिकाऊ इंदौर**-आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा कि शहर के कचरा प्रबंधन और हरित परियोजनाओं को मॉडल स्तर तक ले जाना प्राथमिकता है। सभी एजेंसियां निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करें, सुरक्षा में कोई लापरवाही न हो और संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के अंत में उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग और फॉलो-अप कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

# विजय नगर चौराहे पर लगा लंबा जाम, घंटों तक गुत्थम-गुत्था होते रहे वाहन



### एक एंबुलेंस भी फंसी भीड़ में, राहगीर आए आगे, संभाला ट्रैफिक और निकाला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में जाम के ब्लैक स्पॉट में से एक विजय नगर चौराहे पर आए दिन वाहन गुत्थम गुत्था होते रहते हैं। सोमवार शाम को 7 बजे के आस-पास भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। चारों ओर से वाहनों का रैला नजर आ रहा था, चौराहे पर जल्दी निकलने के चक्कर में मेट्रो ट्रैक के नीचे वाहन उलझते नजर आ रहे थे। यह स्थिति काफी देर तक बनी रही। इस दौरान एक एंबुलेंस भी फंस गई, बड़ी मुश्किल से वह वहां से निकल सकी। इस दौरान पुलिसकर्मियों के साथ आम नागरिक भी ट्रैफिक संभालते हुए नजर आए।

सोमवार शाम 7 बजे के लगभग शहर के व्यस्ततम चौराहे विजय नगर चौराहे पर वाहनों का रैला नजर आ रहा था। चारों दिशाओं से आने वाले वाहन इतने फंस गए थे कि टस में मस नहीं हो पा रहे थे। इस दौरान सयाजी होटल की ओर से आ रही एक एंबुलेंस भी काफी देर तक इस महाजाम में फंसी रही। उसे निकालने के प्रयास भी किए, लेकिन जाम इतना ज्यादा था कि पुलिस जवान भी एंबुलेंस को निकालने के लिए मशक्कत करते नजर आए। इस दौरान कई आई

बस, सिटी बसें, निजी बसें भी फंस गई। इस जाम में पैदल चलने बालों तक को जगह नहीं मिल पा रही थी। इस दौरान रांग साइड आने वाले वाहनों ने और परेशानी बढ़ा दी। काफी देर तक यहीं स्थिति रही और बड़ी मुश्किल से ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल सकी।

### ब्रिज निर्माण कार्य ने बढ़ाई मुश्किलें

अप से सत्यसाई चौराहे पर ब्रिज निर्माण शुरू हुआ है, तब से विजय नगर और सत्यसाई चौराहे पर जाम की स्थिति ज्यादा खतरनाक होने लगी है। सत्यसाई बौराहे से विजय नगर तक का मार्ग काफी सकड़ा हो गया है. जिसके कारण वहन चालक उलझाते रहते है। वहीं स्थिति सयाओं होटल जाने वाले मार्ग पर देखने को मिलती है।

# अब स्कूलों में सिर्फ एनसीईआरटी की किताबें, कलेक्टर का सख्त आदेश

## निजी प्रकाशकों की महंगी किताबों पर लगेगी रोक, अभिभावकों को बड़ी राहत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में शिक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। कलेक्टर ने जिले के सभी निजी और सरकारी स्कूलों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि आगामी सत्र से केवल NCERT (एनसीईआरटी) की निर्धारित पुस्तकें ही अनिवार्य रूप से लागू की जाएं। किसी भी निजी प्रकाशक की अतिरिक्त किताबें लगाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**क्या है आदेश में?**

सभी कक्षाओं में सिर्फ NCERT की अधिकृत किताबें पढ़ाई जाएंगी। निजी प्रकाशकों की महंगी व अनावश्यक किताबें अनिवार्य नहीं की जा सकेंगी। अभिभावकों पर अतिरिक्त पुस्तकें खरीदने का दबाव नहीं बनाया जाएगा। उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई होगी।

**अभिभावकों को राहत**-पिछले कुछ वर्षों से अभिभावक निजी स्कूलों द्वारा महंगी किताबें अनिवार्य किए जाने की शिकायत कर रहे थे। कई स्कूल एक ही विषय के लिए दो-तीन अलग प्रकाशकों की किताबें लगवा देते थे, जिससे हजारों रुपये अतिरिक्त खर्च करना पड़ता था। कलेक्टर के इस फैसले से अभिभावकों को सीधी राहत मिलने की उम्मीद है।

**शिक्षा में एकरूपता पर जोर**-प्रशासन का कहना है कि NCERT की किताबें राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त और पाठ्यक्रम के अनुरूप होती हैं। इससे पढ़ाई में समानता आएगी और छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी लाभ मिलेगा।

**निगरानी होगी सख्त**-शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि स्कूलों में औचक निरीक्षण कर आदेश के पालन की जांच की जाए। यदि कोई स्कूल नियमों की अनदेखी करता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

शहर में इस फैसले को शिक्षा सुधार की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# अजय जामवाल ही रहेंगे मप्र भाजपा के असली कमांडर! सत्ता-संगठन के नए समीकरण के बीच बड़ा प्रयोग संभव

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश भाजपा में संगठन महामंत्री की नियुक्ति पर सस्पेंस बरकरार है। क्या अजय जामवाल संभालेंगे कमान या होगा कोई नया प्रयोग जानिए पूरी इनसाइड स्टोरी। मध्य प्रदेश भाजपा में संगठन महामंत्री के पद पर बदलाव की संभावना बढ़ी। अजय जामवाल को संगठन महामंत्री बनाए जाने की चर्चा राजनीतिक गलियारों में है। मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की जोड़ी मैदान में है। संगठन में सख्ती बढ़ी, कार्यकर्ताओं में नाराजगी और बेचैनी देखी जा रही है। भाजपा की रणनीति अब चुनावों के बाद स्थिरता और वोट शेयर को बढ़ाने पर है। मध्य प्रदेश भाजपा में संगठन महामंत्री को लेकर हलचल तेज है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी कोई बड़ा प्रयोग कर सकती है-या तो नए चेहरे को जिम्मेदारी दे, या फिर अजय जामवाल को ही प्रभावी कमांड सौंप दे। लोकसभा और विधानसभा चुनावों को देखते हुए संगठन में कसावट शुरू हो चुकी है। ऐसे में सवाल यही है-क्या जामवाल ही प्रदेश के 'रेगुलर' संगठन महामंत्री की भूमिका निभाते रहेंगे?

### क्या बदल रहा है मप्र भाजपा में?

प्रदेश में सत्ता और संगठन का पावर सेंटर बदल चुका है। अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की जोड़ी मैदान में है। ऐसे में संगठन महामंत्री की भूमिका सबसे अहम कड़ी बन गई है जो सरकार, संगठन और संघ के बीच संतुलन साधे।

### क्या अजय जामवाल ही संभालेंगे कमान?

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि पार्टी फिलहाल कोई नया प्रयोग न करे। संभावना यह भी है कि अलग से संगठन महामंत्री नियुक्त न किया जाए और अजय जामवाल को ही रणनीतिक तौर पर कमान दी जाए। छत्तीसगढ़ में सीमित सीटें हैं, लेकिन मध्य प्रदेश भाजपा के लिए बड़ा रणक्षेत्र है। ऐसे में चुनाव तक एक अनुभवी चेहरे के जरिए संगठन को धार देने की रणनीति बन सकती है।



### कसावट शुरूः जामवाल के आते ही बदला अंदाज

सूत्र बताते हैं कि जामवाल के सक्रिय होते ही कई स्तरों पर सख्ती बढ़ी है। मंडल और निगम नियुक्तियों पर रोक,जिला स्तर पर नए प्रयोग, संगठनात्मक समीक्षा तेज मैसेज साफ है- चुनाव से पहले ढील नहीं, सिर्फ अनुशासन।

### कार्यकर्ता इंतजार में, नाराजगी भी दबे स्वर में

जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं में बेचैनी है। कई लंबे समय से पद और जिम्मेदारी की प्रतीक्षा में हैं। नाराजगी खुलकर सामने नहीं आ रही, लेकिन सवाल उठ रहा है-क्या नया संगठन नेतृत्व कार्यकर्ताओं को संतुष्ट कर पाएगा?

### नया समीकरण : मोहन यादव + खंडेलवाल + संगठन

भाजपा में संगठन महामंत्री संघ और पार्टी के बीच सबसे मजबूत कड़ी होता है। अब देखना होगा कि नया या मौजूदा चेहरा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रशासनिक फैसलों और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सांगठनिक रणनीति में कितना तालमेल बैठा पाता है। यही तालमेल 2028 की राह तय करेगा।

### तीन नाम चर्चा में, फैसला जल्द

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार तीन नामों पर मंथन चल रहा है। अनुभव और ऊर्जा के संतुलन को प्राथमिकता दी जा रही है। कयास है कि एक महीने के भीतर दिल्ली और नागपुर की सहमति से अंतिम मुहर लग सकती है।

### क्यों अहम है यह फैसला?

भाजपा की रणनीति अब सिर्फ चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है। पार्टी चाहती है कि उसका वोट शेयर 50 प्रतिशत से ऊपर स्थिर रहे। सरकार के खिलाफ संभावित असंतोष को संगठन के जरिए संभालना नए 'सारथी' की पहली परीक्षा होगी।

### हितानंद शर्मा की विरासत बड़ी चुनौती

पूर्व संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने मजबूत आधार तैयार किया। 2023 विधानसभा में 163 सीटों की जीत, 2024 लोकसभा में सभी 29 सीटों पर विजय। बूथ विजय संकल्प और पन्ना प्रमुख मॉडल को डिजिटल मजबूती,अब सवाल है-क्या नया संगठन शिल्पी इस लकीर को और आगे बढ़ा पाएगा?

### बड़ा सवाल: प्रयोग या स्थिरता?

मध्य प्रदेश भाजपा एक मोड़ पर खड़ी है। क्या पार्टी नया चेहरा लाकर संगठन में नई ऊर्जा भरेगी या फिर अजय जामवाल पर भरोसा जारी रखकर स्थिरता को प्राथमिकता देगी? आने वाले कुछ हफ्तों में इसका जवाब मिल जाएगा। फिलहाल इतना तय है कि मप्र भाजपा में संगठन की बिसात नए अंदाज में बिछ रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।